(ठ) इसमें अपरिभाषित लेकिन अधिनियम/विनियमावली में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम/विनियमावली में दिये गये हैं।

(ड) एक वचन वाले शब्दों में बहुवचन शामिल है और सभी पुल्लिंग संदर्भों में स्त्रीलिंग तथा एक में दूसरे के विपर्यय शामिल है।

III. जोखिम के तत्व

- म्यूचुअल फंड एवं प्रतिभूतियों में निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है तथा प्लान के अंतर्गत जारी किए गए यूनिटों की एनएवी का उपर या नीचे जाना पूंजी बाजार को प्रभावित करने वाले तत्वों और घटकों पर निर्भर करता है।

- पिछली योजनाओं का निष्पादन अनिवार्यत: भावी परिणामों का द्योतक नहीं है। इस बात का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता कि प्लान के उद्देश्य हासिल कर ही लिए जाएंगे।

- मास्टर इक्विटी प्लान-99 केवल प्लान का नाम है और किसी भी रूप में प्लान की गुणवत्ता को सूचित नहीं करता है।

- नियतकालिक योजनाओं के समान इसमें विरल सौदे को जोखिम एवं यूनिटों के बाजार मूल्य के एनएवी पर बट्टा काटे जाने की संभावना होती है।

- **व्युत्पन्न :** प्रतिभूतियों जैसे भविष्य के लिए विकल्पों एवं भावी सौदों का कारोबार एक अत्यधिक विशिष्ट कार्य है और इसमें साधारण निवेश की तुलना में कहीं अधिक जोखिम होता है। यदि फंड केवल पोर्टफोलियो की सुरक्षा के ख्याल से व्युत्पन्नों का कारोबार करना चाहे तो भी उस खंड का पूरा बाजार के अन्य प्रतिभागियों की सक्रियता के कारण सटोरियों के चंगुल में जा सकता है। व्युत्पन्नों में कारोबार की सफलता बाजार की भावी गतिविधियों की पूर्वसूचना प्रकट करने की निधि प्रबंधक की क्षमताओं पर निर्भर करता है और यदि निधि प्रबंधक की यह पूर्व सूचना गलत हो तो निधि में निवेश प्रणाली इस्तेमाल किए जाने की स्थिति में प्राप्त निष्पादन की तुलना में कमी आ सकती है।

- **विदेशी बाजारों में निवेश :** विदेशी बाजारों में निवेश की सफलता निधि प्रबंधक की योग्यता जो बाजार की उन परिस्थितियों एवं जानकारियों के विश्लेषण, जो भारतीय बाजारों से भिन्न हो सकती है, को समझने पर निर्भर करती है। जैसा कि इसमें विदेशी बाजारों में परिचालन शामिल है, बाजार के जोखिमों के अलावा विनिमय दर के उतार-चढ़ाव के जोखिम भी हो सकते हैं।

- **स्टॉक उधार देना :** यह न्यून जोखिम के साथ निधि को अतिरिक्त आय जुटाने का साधन है। स्क्रिप उधार दिए जाने की अवधि के दौरान बिक्री हेतु सुलभ स्टॉक की अनुपलब्धता के रूप में जोखिम हो सकता है।

IV. यूनिटें एवं पेशकश

1. इस योजना को इक्विटी संबद्ध बचत योजना 1999 (ईएलएसएस '99) और इस योजना के अंतर्गत बनाए गए प्लान को मास्टर इक्विटी प्लान 1999 कहा जाएगा।

2. योजना एवं उसके अंतर्गत बनाया गया प्लान 10 वर्षों की अवधि के लिए अर्थात् 1 अप्रैल, 1999 से 31 मार्च, 2009 तक के लिए होगा। यूनिटें 31 मार्च, 1999 को आबंटित की जाएंगी।

3. यूनिटों की बिक्री 1 जनवरी 1999 से 31 मार्च 1999 तक तीन माह के लिए होगी। बशर्ते, यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी समय ऐसी परिस्थितियों में जैसे युद्ध होने, स्टॉक एक्सचेंजों में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक-आर्थिक कारणों से अखबारों में 7 दिनों का नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति से जैसा ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए, योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं।

4. इस योजना के अंतर्गत जारी किए गए प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपए होगा।

5. यह प्लान इक्विटी संबद्ध बचत योजना, 1992 एवं आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 88 के अंतर्गत उल्लिखित केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तहत तैयार किया गया है।

6. यूनिटों के लिए आवेदन :

यूनिटों के लिए आवेदन केवल निवासियों द्वारा किये जा सकते हैं, जैसे

(i) निवासी वयस्क व्यक्ति, एकल रूप से अथवा दूसरे व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से या उत्तरजीवी के आधार पर।

(ii) नाबालिग निवासी की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिभावक। बालिग और नाबालिग संयुक्त रूप से आवेदन नहीं कर सकते हैं।

(iii) हिन्दू अविभक्त परिवार (एचयूएफ)।

(iv) व्यक्तियों के संगठन या व्यक्तियों को निकाय द्वारा, दोनो ही स्थितियों में गोवा और केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव में लागू सामुदायिक सांपत्तिक प्रणाली के अधीन केवल पति एवं पत्नी के लिए।

7. न्यूनतम निवेश राशि

आवेदन न्यूनतम 50 यूनिटों, जिनका अंकित मूल्य रु. 500/- होगा, के लिए और उसके बाद रु.500/- के गुणकों में किया जाएगा। रु. 50,000/- और उससे अधिक निवेश के मामले में, निवेशक को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पीएएन/जीआईआर संख्या है तो वह उसका तथा संबंधित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करे।

8. निवेशकों को मुआवज़ा :

प्लान में शामिल होने की तिथि पर निर्भर करते हुए निवेशकों को निवेश की राशि पर निम्नानुसार मुआवज़ा अदा किया जाएगा :

से	तक	%
01-01-99	31-01-99	3.5
01-02-99	28-02-99	2.5
01-03-99	31-03-99	1.5

मुआवज़े की राशि का भुगतान चेक के जरिए किया जाएगा, जिसे यूनिट प्रमाणपत्र के साथ भेजा जाएगा। जल्दी निवेश करने के लिए दिया जानेवाला मुआवज़ा यूटीआई द्वारा निवेशकों को दिया जानेवाला कोई विशेष लाभ नहीं है। मुआवज़े की यह राशि "आरंभिक निर्गम व्यय" तथा निधि द्वारा उत्पन्न आय में से भी अदा की जाएगी।

9. यूनिट प्रमाणपत्र

यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री-संविदा, स्वीकृति तिथि अर्थात् चेक की वसूली की तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। यूनिट ट्रस्ट उसके बाद निवेश की गई राशि के लिए यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा। यूनिट प्रमाणपत्र अंतरणीय है तथा निवेशक के प्लान में शामिल होने का वैध साक्ष्य है। प्रेषित यूनिट प्रमाणपत्र के खो-जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने या गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा।

यूनिट ट्रस्ट यूनिट प्रमाणपत्र को यथाशीघ्र लेकिन योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से छः सप्ताहों के भीतर भेजने का प्रयत्न करेगा।

10. यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखा जाना/समनुदेशन :

योजना के अंतर्गत यूनिटों के अंतरण/गिरवी रखे जाने और समनुदेशन की अनुमति यूनिटों के आबंटन की तिथि से तीन वर्षों की अवरुद्ध अवधि के बाद होगी। अवरुद्ध अवधि के दौरान या उसके बाद लेकिन योजना की समाप्ति से पूर्व हिंदू अविभक्त परिवार, व्यक्तियों के संगठन, व्यक्तियों के निकाय से संबंधित यूनिटधारिता का विभाजन और/या विघटन होने की स्थिति में उपर्युक्त अंतर्विष्ट कोई भी बात उक्त विभाजन या अंतरण के संबंध में संबद्ध विधि की प्रयोजनीयता पर रोक नहीं होगी सिवाय अन्यथा विशेष रूप से सहमति हो या घोषणा की गई हो जो कि उक्त विधि के प्रतिकूल नहीं होगी, यदि कोई हो। हिंदू अविभक्त परिवारों, व्यक्तियों के संगठन, व्यक्तियों के निकाय के यूनिटधारकों के बीच उनकी आय का वितरण और यूनिटों का विभाजन हमेशा समय-समय पर लागू संबद्ध विधि से यदि कोई हो, से विनियमित होगा।

योजना के अंतर्गत जारी किए गए और बकाया सभी यूनिट आबंटन की तिथि से 3 वर्षों के बाद (अर्थात् 1 अप्रैल, 2002 से) से निर्बाध रूप से अंतरणीय होंगे।

(i) इस योजना के प्रावधानों के अनुसार जारी यूनिट प्रमाणपत्र परक्राम्य है और जैसा कि मद 6 "यूनिट एवं पेशकश" में उल्लेख किया गया है इसे व्यक्तिगत, व्यक्त या अन्य श्रेणियों को अंतरित किया जा सकता है।

(ii) यूनिटधारण करने की क्षमता रखनेवाले अंतरणकर्ता और अंतरिती के द्वारा और बीच अंतरण प्रभावकारी होगा। किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए ट्रस्ट बाध्य नहीं होगा।

(iii) संबंधित यूनिट प्रमाणपत्रों के साथ अंतरण दस्तावेज तथा ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर निर्धारित शुल्क सहित इस कार्य हेतु नियुक्त किए गए रजिस्ट्रार के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

(iv) ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत या कार्यालय द्वारा स्वीकृत अंतरण संलेख संबंधित रजिस्ट्रार के कार्यालय में अग्रेषित किए जाएंगे।

(v) प्रत्येक अंतरण लिखत पर अंतरणकर्ता तथा अंतरिती के हस्ताक्षर होंगे और रजिस्ट्रार द्वारा अंतरिती का नाम धारकों के रजिस्टर में दाखिल करने तक अंतरणकर्ता को ही यूनिट का धारक समझा जाएगा।

(vi) अंतरणकर्ता के स्वत्वाधिकार या उसके यूनिटों का अंतरण करने के अधिकार के समर्थन में रजिस्ट्रार ऐसा कोई सबूत मांग सकते हैं जो उन्हें आवश्यक लगे।

(vii) यदि यूनिट प्रमाणपत्र खो गया हो, चुरा लिया गया हो, नष्ट हो गया हो तो कुछ अपेक्षाओं, जिन्हें रजिस्ट्रार जरुरी समझे, को पूरा करने के बाद मूल यूनिट प्रमाणपत्र की प्रस्तुति के संबंध में रजिस्ट्रार छूट देंगे।

(viii) यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने पर अंतरण के सभी लिखत और यूनिट प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार के पास रहेंगे।

(ix) अंतरण को मान्यता देने वाले तथा पंजीकृत करनेवाले रजिस्ट्रार, उक्त अंतरण एवं प्रमाणपत्रों तथा वारंटों को जारी करने के संबंध में देय प्रभारों की अदायगी तथा वसूली के बाद, मूल या नया यूनिट प्रमाणपत्र और आय वितरण वारंट, यदि कोई हों अंतरिती को जारी करेंगे।

(x) यदि कोई अंतरिती अधिकारिक क्षमता के कारण विधि के परिचालन से या गिरवी लागू होने पर अनुसूचित बैंक यूनिटों का धारक बन जाता है तो इच्छुक अंतरिती यूनिटों के धारण के लिए अन्यथा पात्र होने पर रजिस्ट्रार ऐसे साक्ष्य जिसे पर्याप्त समझें, के प्रस्तुतीकरण के अधीन अंतरण प्रभावी करेंगे।

(xi) इसमें ऊपर उल्लिखित प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट अंतरण को पंजीकृत करेगा और अंतरण संबंधी सभी लिखतों के साथ यूनिट प्रमाणपत्र दाखिल करने की तिथि से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को आय वारंट, यदि कोई हो, सहित यूनिट प्रमाणपत्र वापस करेगा।

11. **योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति :**

(i) योजना को 31मार्च, 2009 को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाएगा, यूनिटधारकों के बकाया यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी और यूनिटधारकों को उनके यूनिटों के मूल्य की अदायगी उक्त अवधि के दौरान अंतिम पुनर्खरीद के लिए निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य पर की जाएगी। निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य की प्राप्ति के अलावा बाद की किसी अवधि के लिए पुनर्खरीद मूल्य में वृद्धि या आय के रूप में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त लाभ उपचित नहीं होगा।

(ii) 10 वर्षों की अवधि से पूर्व ही यदि प्लान के अंतर्गत 90% या अधिक यूनिटों की पुनर्खरीद हो जाती है तो ट्रस्ट दस वर्षों की अनुबद्ध अवधि से पहले भी प्लान को समाप्त कर सकता है और बकाया यूनिटों को इसके द्वारा निर्धारित किए जाने वाले अंतिम पुनर्खरीद मूल्य पर मोचित कर सकता है।

जहां उपर्युक्त खण्ड (ii) के अधीन योजना की समाप्ति की जाती है, तो ट्रस्ट को योजना समाप्त करने की परिस्थितियों की सूचना सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होनेवाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और मुंबई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में समापन प्रभावी होने के एक सप्ताह पहले देनी होगी।

(iii) योजना की समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट -

(क) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा।

(ख) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को उत्पन्न और रद्द करना बंद करेगा।

(ग) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा।

(iv) न्यासी मंडल यूनिट धारकों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित यूनिट धारकों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा।

परन्तु यदि योजना परिपक्वता अवधि के पूरा होने पर समाप्त की जाती है तो बैठक आवश्यक नहीं होगी।

(v) (क) न्यासी मंडल या योजना के खंड (XV) के अन्तर्गत प्राधिकृत व्यक्ति योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के यूनिट धारकों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा।

(ख) ऊपर दिए गए खण्ड (V)(क) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टान्त में, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय लेने वाली तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा।

(vi) समाप्ति पूरी होने पर, ट्रस्ट सेबी और यूनिट धारकों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियां, जिनके कारण योजना समाप्त हुई, समाप्ति से पूर्व आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए की गई योजना का व्यय, यूनिट धारकों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियों के विवरण और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाणपत्र भेजेगा।

(vii) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, जब तक योजना समाप्त न हो जाए या समापन की कार्यवाही पूरी न हो जाए, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे।

(viii) उपरोक्त खण्ड (vi) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाती है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है तो योजना समाप्त हो जाएगी।

(ix) ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद के लिए अनुरोध पत्र के साथ सदस्यता सूचना/विधिवत् रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर यथाशीघ्र पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा। सदस्यता सूचना/यूनिट प्रमाणपत्र पुनर्खरीद के लिए प्राप्त अनुरोध पत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हों, ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए रख लिए जाएंगे।

V. व्यय

क. पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटें सम-मूल्य पर बेची जाएंगी।

ख) (i) निर्गम पूर्व व्यय प्लान के अंतर्गत एकत्र निधि के 6% से अधिक नहीं होगा। प्लान के निर्गम पूर्व व्ययों का अनुमान निम्नानुसार है :

व्यय	%
मुद्रण और डाक	1.50
प्रचार और मार्केटिंग	1.75
एजेंटों को कमीशन	1.50
रजिस्ट्रारों का प्रभार	0.50
बैंक प्रभार	0.25
स्टाम्प शुल्क	0.50
योग	6.00

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपये में से कम से कम 94 पैसे का इस योजना में निवेश किया जाएगा।

(ii) पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान प्रारंभ की गई योजनाओं का प्रारंभिक निर्गम व्यय इस प्रकार है :

योजना	व्यय (एकत्रित निधि का %)
आईआईएसएफयूएस 97	0.10
आईईएफ 97	5.75
एमआईपी-97(II)	2.45
एमआईपी-97(III)	3.44
एमआईपी-97(IV)	1.87
एमआईपी-97(V)	2.60
एमआईपी-98	1.33
आईआईएसएफयूएस 97(II)	0.09
एमईपी-98	6.00
आईआईएसएफयूएस -98	0.05
एनआरआई फंड	2.90

पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान प्रारंभ की गई योजनाओं के संबंध में ट्रस्ट द्वारा वहन किए गए व्यय (डीआरएफ द्वारा प्रभारित) इस प्रकार हैं :

योजना	व्यय (एकत्रित निधि का %)
एमएमएमएफ	0.50
एमईपी 98	7.22

ग) आरंभिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त, निम्नलिखित व्यय आवर्ती आधार पर योजना पर प्रभारित किए जाएंगे। अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार हैं :

व्यय	%
प्रशासनिक व्यय	0.90
अभिरक्षण शुल्क	0.50
विकास प्रारक्षित निधि	0.25
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
रजिस्ट्रारों के लिए शुल्क	0.50
योग	2.25

उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों के साथ परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं। फिर भी, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के अनुसार कुल आरंभिक निर्गम व्ययों के रूप में कुल व्यय एकत्र निधि की 6% की सीमा के भीतर होंगे।

योजना का कुल वार्षिक आवर्ती व्यय, आरंभिक निर्गम व्ययों एवं प्रतिदान व्ययों को छोड़कर परंतु प्रशासनिक व्ययों, विकास प्रारक्षित निधि और कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान को सम्मिलित करते हुए निम्नलिखित सीमा के अधीन होगा :

(i) प्रथम 100 करोड़ रुपये की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों पर - 2.50%
(ii) अगले 300 करोड़ रुपये की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों पर - 2.25%
(iii) अगले 300 करोड़ रुपये की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों पर - 2.00%
(iv) आस्तियों के शेष पर - 1.75%

प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान एवं कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान, सेबी (एमएफ) विनियम, 1996 के विनियम 52 के खण्ड 2 के अंतर्गत उल्लिखित सीमा से अधिक नहीं होंगे। नामत:-

i) योजना के लिए प्रत्येक लेखा वर्ष में बकाया मासिक औसत शुद्ध आस्तियों का 1.25%, जब तक कि शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ रुपए से अधिक नहीं हो जातीं, और

ii) 100 करोड़ से ऊपर की अतिरिक्त राशि का एक प्रतिशत, जहां इस प्रकार परिगणित शुद्ध आस्तियाँ 100 करोड़ से अधिक हों।

सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के अनुसार, यूटीआई निवेश प्रबंधन एवं परामर्श शुल्क पर कोई प्रभार नहीं लेता है। तथापि, यूटीआई द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निर्गम पूर्व व्यय एवं वार्षिक आवर्ती व्यय सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियमावली, 1996 के विनियम 52 के अंतर्गत दर्शाई गई सीमा के भीतर ही होंगे।

घ) विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.25% प्र.व. ट्रस्ट के डीआरएफ में अंशदान के रूप में रखा जाएगा। डीआरएफ अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा।

ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके। इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट के छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासों जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबंधित हों, तथा ट्रस्ट की किन्हीं भी योजनाओं में दिए गए आश्वासित प्रतिफल की दर में कमी होने पर, उनकी पूर्ति करने के लिए भी किया जा सकता है।

यथा 30.06.98 को निम्नलिखित योजनाओं में कमी रही : एमआईपी 97 [रु. 119.70 करोड़]; एमआईपी 97(II) [रु. 125.96 करोड़] एवं एमआईपी 97 (III)[रु. 54.75 करोड़]; एमआईपी 97 (IV) [रु. 39.53 करोड़]; एमआईपी 97 (V) [रु. 15.02 करोड़]; आईआईएसएफयूएस 97 [रु. 34.89 करोड़]; आईआईएसएफयूएस 97(II) [रु. 17.58 करोड़]; एमआईपी 98 [रु. 36.68 करोड़] जो मुख्यत: स्टॉक बाजार में मंदी की परिस्थितियों के कारण है जिसके परिणामस्वरूप इन योजनाओं की इक्विटी पोर्टफोलियो में सांकेतिक ह्रास हुआ।

प्रबंधन दृष्टिकोण : उपरोक्त योजनाएं वर्ष 1999 से 2003 में परिपक्व होंगी। ऐसी संभावना है कि बाजार की परिस्थितियों में सुधार होने के साथ अंतरनिहित स्क्रिप सांकेतिक ह्रास को उलटते हुए अपने उचित मूल्य को प्राप्त कर लेंगे। इसके अतिरिक्त, योजना के प्रतिदान हेतु देय होने से पहले ऋण एवं इक्विटी में सक्रिय लेन-देन से मूल्य में वृद्धि होने की संभावना है।

ङ) कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% प्र.व. कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान के रूप में अलग से रखा जाएगा। ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण निधि की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं।

VI. यूनिटों की बिक्री

1. पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटों की बिक्री सममूल्य पर होगी। ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री-संविदा स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। बिक्री-संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र आवेदक को योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में शामिल होने के साक्ष्य स्वरूप यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा। इस प्रकार प्रेषित यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा।

ट्रस्ट प्लान के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से 6 हफ्तों के भीतर यूनिट प्रमाणपत्र भेजने का प्रयास करेगा।

2. भुगतान विधि

(i) किसी आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन पत्र के साथ नकद, चेक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा। यदि आवेदन यूटीआई के शाखा कार्यालयों में जमा किए जाएं, तो चेक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किए जाएं, जिस शहर में स्थित यूटीआई शाखा कार्यालय में आवेदन जमा किया जाता है।

लेकिन, जहां आवेदक ट्रस्ट के शाखा कार्यालय/संग्रहण केंद्र/विशेष अधिकृत कार्यालय वाले स्थान से भिन्न स्थान से आवेदन करना चाहे तो आवेदित यूनिटों के लिये आवेदन पत्र के साथ देय बैंक ड्राफ्ट के लिये देय बैंक प्रभार घटाकर भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देश के अनुसार बैंक ड्राफ्ट ट्रस्ट को भेजते हुए ऐसा कर सकता है। संग्रहण केन्द्रों/विशेष बिक्री कार्यालयों को, स्थानीय देय चेक अथवा उन स्थानों में जहां तक योजना विकेन्द्रीकृत है, देय मांग पत्र के साथ, जिसमें आवेदक, भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रभार कम कर सकता हो, आवेदन स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है। उदाहरणार्थ, यदि आवेदन राशि रु. 10,000/- है तथा बैंक ड्राफ्ट प्रभार इस राशि के लिए रु. 20/- है । इस तरह, ड्राफ्ट रु. 9,980/- (अर्थात् रु. 10,000/- में से रु. 20/- घटाकर) के लिए बनवाया जा सकता है। ड्राफ्ट कमीशन प्रभार प्लान के आरंभिक निर्गम व्ययों का एक अंश होगा।

किंतु, जहां ट्रस्ट का कार्यालय/संग्रहण केंद्र/विशेष बिक्री कार्यालय है और आवेदन स्थानीय बैंक ड्राफ्ट के साथ मिला है तो बैंक ड्राफ्ट कमीशन निवेशक को ही वहन करना होगा।

(ii) यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि, ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा चेक प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते ऐसे चेक की वसूली हो।

यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि, ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो, बशर्ते आवेदन ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र में ड्राफ्ट जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाए। यदि इस प्लान के अंतर्गत आवेदन राशि न्यूनतम निवेश से कम है, तो सम्पूर्ण राशि ट्रस्ट द्वारा यथोचित रीति से आवेदक को उसके खर्चे पर वापस लौटा दी जाएगी।

3. यूनिट जारी होने से पहले आवेदक को योजना और उसके अंतर्गत प्लान से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करना होगा :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं पूरी करनी होंगी। जैसे व्यक्तियों के संगठन/हिंदू अविभक्त परिवारों के मामले में शपथपत्र देना होगा।

कोई भी वयस्क, जो किसी नाबालिग का माता-पिता हो, सौतेला माता-पिता हो या विधिक अभिभावक हो, अधिनियम की धारा 21 की उपधारा (2ए) के अनुसार और उपबंधित सीमा तक यूनिट रख सकता है और क्रय-विक्रय कर सकता है। अपेक्षानुसार ऐसा वयस्क ट्रस्ट द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से नाबालिग की उम्र और नाबालिग की ओर से यूनिट रखने तथा क्रय-विक्रय करने की क्षमता का प्रमाणपत्र ट्रस्ट के समक्ष पेश करेगा। आवेदन में ऐसे वयस्क द्वारा किए गए कथन के अनुसार बिना किसी अतिरिक्त प्रमाण के ट्रस्ट को कार्य करने का अधिकार होगा।

गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाला व्यक्ति अपनी यूनिटधारिता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम यूनिटधारकों की पंजी से काट दिया जाएगा।

ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25% दण्ड के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य पर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद करे और गलती से भुगतान किये गये आय वितरण की वसूली पुनर्खरीद राशि से करे और शेष वापस करे।

पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिये राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

4. आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार :

ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक के अनुसार योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में यूनिट जारी करने के लिए आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके। ट्रस्ट निम्नलिखित परिस्थितियों में यूनिटें जारी करने हेतु आवेदन अस्वीकृत कर सकता है :

(i) यदि आवेदन यथास्थिति रु. 500/- या उसके बाद रु. 500 के गुणकों में की गई न्यूनतम निवेश राशि से कम के लिए प्राप्त हुआ हो,

(ii) यदि आवेदन पहले आवेदक द्वारा हस्ताक्षरित न हो और

(iii) यदि आवेदक, योजना में निवेश करने के लिए पात्र न हो। योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अंतिम होगा।

आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा और बिना किसी ब्याज या अन्य राशि के, चाहे जो भी हो, आवेदन राशि ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र वापस कर दी जाएगी । अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने के बाद राशि वापस की जाएगी।

5. यूनिटधारकों द्वारा नामांकन :

(i) नामांकन सुविधा केवल अपनी ओर से अर्थात् एकल या संयुक्त रूप से आवेदन करने वाले व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है। आवेदक एक व्यक्ति को नामित कर सकते हैं । अवयस्क तथा अनिवासी भारतीय भी नामित किए जा सकते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गये दिशानिर्देशों के अनुसार अनिवासी भारतीय नामित किए जा सकते हैं। प्लान के चालू रहने के दौरान आवेदक किसी भी समय नामांकन में परिवर्तन कर सकता है।

(ii) सदस्यों को, जो नाबालिग की ओर से माता-पिता हों या विधिक अभिभावक हों, हिंदू अविभक्त परिवार/व्यक्तियों के संगठन तथा व्यक्तियों के निकाय को नामांकन करने का अधिकार नहीं होगा। अन्य प्रावधान विनियमों में उपबंधित सीमा तक होंगे।

(iii) नामांकन की वैधानिक वैधता : भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 39ए के अंतर्गत सदस्य को सांविधिक नामांकन की सुविधा उपलब्ध है। तदनुसार, जहां यूटीआई विनियम, 1964 के अनुसार किसी यूनिट के सदर्भ में नामांकन किया गया है, सदस्य की मृत्यु के उपरांत सदस्य को देय राशि पर अधिकार उसी का होगा तथा किसी अधिकार,टाइटल, दावा तथा अन्य व्यक्ति के हित की शर्तों के अधीन या उपरोक्त यूनिटों के संदर्भ में ऐसे विनियमों में उल्लिखित एवं उपरोक्त यूनिटों के संदर्भ में किसी प्रभार या किसी बाधा की शर्त के अधीन नामिती को देय होगा।

उपरोक्त के अनुसार ट्रस्ट द्वारा किया गया भुगतान उपरोक्त यूनिटों के संदर्भ में ट्रस्ट को सभी देयताओं से पूर्ण रूपेण मुक्त रखेगा।

VII. आय एवं वितरण

यह एक वृद्धि योजना है। इसके उद्देश्य के अनुरूप सामान्यत: इसके अंतर्गत कोई आय वितरण नहीं होगा। तथापि, ट्रस्ट को आय वितरण/बोनस घोषित करने का अधिकार है।

निवेशकों के लिए बैंक विवरण :

खोने/गलत जगह पर पर पहुच जाने की वजह से आय वितरण वारंटों के संभावित कपटपूर्ण नकदीकरण से सावधानी के तौर पर आवेदकों से अपने बैंक खाता का विवरण (अर्थात् खाते की प्रकृति, खाता संख्या और बैंक का नाम) आवेदन पत्र के साथ-साथ रिकार्ड हेतु पावती रसीद पर उपर्युक्त स्थान पर देने का अनुरोध किया जाता है। तब शीघ्र निवेश के लिए प्रोत्साहन के रूप में निवेशकों का मुआवजा उनके द्वारा निर्दिष्ट खाते में जमा करके उन्हें देने के लिए बैंक के पक्ष में किया जाएगा। बैंक का पूर्ण विवरण नहीं दिए जाने की स्थिति में, प्रोत्साहन चेक यूनिट धारकों के नाम में जारी किए जाएंगे।

आय वितरण वारंटों/परिपक्वता चेकों के कपटपूर्ण नकदीकरण से बचने के लिए, निवेशकों से स्वयं के हित में आवेदन पत्र में उपर्युक्त स्थान पर बैंक का विवरण देने का अनुरोध किया जाता है।

VIII. यूनिटों की पुनर्खरीद

1) यूनिटों की पुनर्खरीद :

(1) ट्रस्ट यूनिटों की आबंटन की तिथि (अर्थात् 1 अप्रैल 2000) से एक वर्ष की समाप्ति के बाद और इसके बाद साप्ताहिक आधार पर पुनर्खरीद मूल्य घोषित करेगा।

(2) यूनिटों के आबंटन की तिथि से 3 वर्ष की अवरुद्ध अवधि के बाद अर्थात् 1 अप्रैल, 2002 से, जब यूनिटों की पुनर्खरीद आरंभ होगी ट्रस्ट प्रत्येक सप्ताह या जल्द से जल्द जैसा कि इसके द्वारा निश्चित किया जाए, पुनर्खरीद मूल्य घोषित करेगा।

(3) पुनर्खरीद पूरा वर्ष खुली रहेगी सिवाय बही बंदी के दौरान जिसकी अवधि वर्ष में अधिकतम 45 दिन होगी।

(4) पुनर्खरीद मूल्य जिस पर यूनिटें खरीदी जायेंगी उसे समय-समय पर घोषित एनएवी के आधार पर परिकलित किया जाएगा। पुनर्खरीद मूल्य परिकलित करते समय ट्रस्ट, प्रशासनिक लागत और अन्य प्रभार जो औसत एनएवी के 3% प्रतिवर्ष से ज्यादा नहीं होगा, काटने के लिए स्वतंत्र होगा।

(5) यूनिट प्रमाणपत्र के विधिवत् विमोचन के प्राप्त होने पर पुनर्खरीद की जाएगी।

(6) पुनर्खरीद के लिए संविदा स्वीकृति तिथि को पूर्ण समझी जाएगी।

(7) यूनिटधारक के लिए अपनी यूनिटों को उपरोक्त उप खंड (1) के अनुसार पुनर्खरीद के लिए पेश करना आवश्यक नहीं होगा तथा योजना के चालू रहने के दौरान वह जब तक चाहे, उन्हें अपने पास रखने के लिए स्वतंत्र होगा।

(8) पुनर्खरीद की गई यूनिटों को पुन: जारी नहीं किया जाएगा।

(9) यूनिटधारक की मृत्यु के मामले में, नामिती या विधिक उत्तराधिकारी जैसा भी मामला हो, यूनिटधारक को यूनिटों के आबंटन की तिथि से एक वर्ष की समाप्ति के बाद या उसके बाद किसी भी समय अर्थात् 1 अप्रैल, 2000 के बाद ही निवेश को आहरित करने में सक्षम होगा।

(10) पुनर्खरीद किए गए यूनिटों के लिए अदायगी ट्रस्ट द्वारा स्वीकृति तिथि के बाद 10 कार्य दिवस के भीतर की जाएगी। आवेदक को देय राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा और ट्रस्ट द्वारा भेजे गएं चैक या ड्राफ्ट की वसूली और प्रेषण (डाक सहित) की लागत आवेदक द्वारा वहन की जाएगी और वार्षिक आवर्ती व्यय का ही भाग समझा जाएगा।

2) यूनिटों की पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

प्लान के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा :

(i) ऐसे दिन, जो कार्य दिवस नहीं हों; और
(ii) ऐसी अवधि के दौरान (ट्रस्ट द्वारा अधिसूचित) जब यूनिटधारकों की पंजी किसी भी कारण हेतु बंद रहेगी जैसा कि ट्रस्ट द्वारा अधिसूचित किया जाए।

स्पष्टीकरण :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो

(i) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो, या

(ii) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट का कार्यालय बंद रहेगा।

IX. निवेश उद्देश्य, नीतियां एवं स्टॉक उधार

1. निवेश उद्देश्य और नीतियां :

(क) योजना के अंतर्गत संग्रहीत निधियों का कंपनियों के इक्विटी, संचयी परिवर्तनीय अधिमान शेयरों और पूर्णत: परिवर्तनीय डिबेंचरों और बांडों और वारंटों में निवेश किया जाएगा। अंशत: परिवर्तनीय निर्गमों के डिबेचरों और बांडों, जिसमें राईट्स के आधार पर जारी बाण्डों और डिबेंचरों का भी समावेश होगा, में इस शर्त के अधीन निवेश किये जा सकते हैं कि यथासंभव इस रूप में अर्जित या अभिदत्त डिबेंचरों का अपरिवर्तनीय अंश बारह माह की अवधि के अंदर वापस ले लिया जाएगा।

(i) **सहवर्तियों में लेन-देन :** सेबी तथा भारत सरकार से प्राधिकृत हो जाने के अधीन यूटीआई, उचित परिस्थितियों में निवेश नीति, जोखिम को रोकने या कम से कम करने के उद्देश्य के लिए, ऐसी तकनीकों और लिखतों जैसे फ्यूचर्स और ऑप्शन्स और सहवर्तियों का, जब भारतीय बाजार में उनके प्रयोग की अनुमति मिल जाएगी, लागू विनियमों और प्रति-पक्षी जोखिम मूल्यांकन के अधीन, प्रयोग करेगा। इसके अतिरिक्त, लागू विनियमों तथा प्रति-पक्षी जोखिम मूल्यांकन के अधीन योजना स्टाक उधार ले सकती है अथवा उधार दे सकती है ।

(ii) **स्टाक उधार देना :** योजना, समय-समय पर, सेबी की प्रतिभूतियां उधार देनेवाली योजना के अनुसार अस्थायी अवधि हेतु उन प्रतिभूतियों पर, जिन में निवेश किया गया है, उधार दे सकती है ।

(iii) **विदेशी निवेश :** योजना, समुद्रपारीय/विदेशी कंपनियों द्वारा जारी की गई तथा विदेश में सूचीबद्ध की गई प्रतिभूतियों में अथवा भारतीय कंपनियों द्वारा विदेशी/समुद्रपारीय निवेशकों को जारी की गई तथा ऐसे निर्गमों में सीधे अभिदान करके अथवा सेबी द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार विदेशी स्टाक एक्सचेंजों में खरीद करके सीधे स्टाक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध की गई प्रतिभूतियों में निवेश कर सकती है ।

ट्रस्ट सुरक्षात्मक दृष्टि से लघु अवधि के आस्ति आबंटन में परिवर्तन करने का विकल्प अपने पास रखता है ।

ऊपर कथित निवेश उद्देश्य के अनुसरण में, योजना की निधियों का प्रतिभूतियों में नियोजन होने तक ट्रस्ट योजना की निधियों का निवेश मुद्रा बाजार लिखतों में कर सकता है ।

(ख) यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजना की निधियों का कम से कम 80% खंड (क) में निर्दिष्ट प्रतिभूतियों में निवेश किया जाएगा। यूनिट ट्रस्ट यूनिटों की बिक्री की समाप्ति की तिथि से छः माह की अवधि के भीतर उपरोक्त वर्णित प्रकार से निधियों में निवेश करने का प्रयास करेगा। विशेष परिस्थितियों में, यूनिट धारकों के हितों की सुरक्षा के उद्देश्य से ट्रस्ट द्वारा यह अपेक्षा छोड़ दी जा सकती है।

(ग) उपरोक्त अपेक्षित प्रकार से निधियों के निवेश किए जाने तक ट्रस्ट निधियों का निवेश अल्पकालिक मुद्रा बाजार लिखतों या अन्य नकदी लिखतों में या दोनों में कर सकता है।

(घ) यूनिटों के आबंटन की तिथि से 3 वर्षों के बाद, ट्रस्ट योजना की शुद्ध आस्तियों का 20% तक अल्पकालिक मुद्रा बाजार लिखतों तथा अन्य नकदी लिखतों में धारित कर सकता है ताकि वह उन यूनिटधारकों के यूनिटों की पुनर्खरीद कर सके जो यूनिटों को पुनर्खरीद के लिए प्रस्तुत करने इच्छुक होंगे।

2. निवेश नीतियां

(i) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिये जाएंगे।

(ii) ट्रस्ट प्रतिभूतियों का क्रय विक्रय सुपुर्दगियों के आधार पर करेगा और खरीद के सभी मामलों में संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा और बिक्री के सभी मामलों में प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी करेगा और किन्हीं भी मामलों में खुद को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे मंदड़िया बिक्री करनी पड़े या सौदे का वायद (कैरी फारवर्ड) करना पड़े या बदला वित्त में लिप्त होना पड़े ।

(iii) ट्रस्ट प्रतिभूतियों की खरीद या अंतरण ट्रस्ट के नाम से करवाएगा।

(iv) योजना सेबी की स्टॉक उधार देने की योजना के अनुसार प्रतिभूतियों को उधार दे सकती है।

(v) योजना इनमें से किसी में निवेश नहीं करेगी ;

क) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी की कोई असूचीबद्ध प्रतिभूति ; या

ख) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी द्वारा निजी नियोजन के माध्यम से जारी की गई कोई प्रतिभूति; या

ग) ट्रस्ट की समूह कंपनी की सूचीबद्ध प्रतिभूतियां जो ट्रस्ट की सभी योजनाओं की शुद्ध आस्तियों के 25% से अधिक है।

(vi) प्लान की प्रतिभूतियों के लेन देन के लिए शेयर-दलाली फर्म और यूटीआई की सहायक संस्था यूटीआई सिक्योरिटीज़ एक्सचेंज लिमिटेड (यूटीआई-एसईएल) की सेवाएं ली जा सकती हैं जो नीतियों के अनुसार हों और ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा तय की गई सीमाओं के अधीन हों। यूटीआई एसईएल 1994 में स्थापित की गई थी। यह निवेशकों की आवश्यकताओं के अनुरूप उचित, पारदर्शी और कुशल सेवाएं प्रदान करने वाली उच्च तकनीकी कंपनी है। इसका पंजीकृत कार्यालय मुंबई में है।

3. (i) 30/06/98 के अनुसार उन योजनाओं की सूची जिन में कंपनियों ने योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य के 5% से अधिक निवेश किया है।

क्र. सं.	योजना का नाम	योजना-आस्तियों के 5% से अधिक धारिता वाली कंपनी का नाम
1.	यूएस 95	बैंक ऑफ मैसूर
2.	आईआईएसएफयूएस 97	हिंदुस्तान लीवर लि. एचडीएफसी
3.	यूटीआई-एमएमएफ	एसएचसीआईएल बीओआई एमएफ यूटीआई-बैंक लि. बैनेट कोलमन कं. लि
4.	यूटीआई-आईईएफ	आईडीबीआई आईसीआईसीआई आईसीआरए
5.	एमआईपी 97 (IV)	ओरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स एचपी स्टेट को.ऑप. बैंक लि.

6.	आईआईएसएफयूएस 97 (II)	भारतीय स्टेट बैंक
7.	आईआईएसएफयूएस 98	यूनियन बैंक भारतीय स्टेट बैंक पियरलेस जनरल वित्त एवं निवेशक कं. लि.
8.	यूटीआई बॉण्ड फंड	महाराष्ट्र रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि. एचडीएफसी बैनेट कोलमन कं. लि
9.	मास्टर वैल्यू यूनिट प्लान	बैंक ऑफ महाराष्ट्र हैदराबाद स्टेट बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा भारतीय स्टेट बैंक आईडीबीआई
10.	मास्टर इंडेक्स फंड	भारतीय बैंक भारतीय औद्योगिक विकास बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा ओरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स भारतीय स्टेट बैंक आईडीबीआई

ii) 30/06/98 के अनुसार उस योजना द्वारा या यूटीआई की किसी अन्य योजना द्वारा उस कंपनी या उसके आनुषंगिक द्वारा सकल आधार पर किया गया निवेश ।

(रु. करोड़ में)

कंपनी का नाम	इक्विटी (लागत)	ऋण (लागत)	मीयादी ऋण	जमा	कुल
बैंक ऑफ महाराष्ट्र	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
बैनेट कोलमन कं. लि	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
बैंक ऑफ बड़ौदा	22.31	0.00	0.00	0.00	22.31
बैंक ऑफ इंडिया	11.62	0.00	0.00	0.00	11.62
बीओआई एमएफ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
एचडीएफसी	276.27	150.00	0.00	60.00	486.27
हिंदुस्तान लीवर लि.	961.35	5.73	0.88	0.00	967.96
एचपी स्टेट को.ऑप-बैंक लि.	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
आईसीआईसीआई	249.89	1711.43	885.00	0.00	2846.32
आईसीआईसीआई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लि. (आईसीआईसीआई अनुषंगी)	15.57	0.00	0.00	0.00	15.57
आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज एण्ड फाइनेंस कंपनी लि. (आईसीआईसीआई अनुषंगी)	0.00	34.70	0.00	67.00	101.70
आईसीआरए	2.92	0.00	0.00	0.00	2.92
आईडीबीआई	361.02	1599.15	0.00	0.00	1960.17
औद्योगिक विकास बैंक	0.00	99.05	0.00	0.00	99.05
जे एण्ड के बैंक	2.63	0.00	0.00	0.00	2.63
ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स	28.78	0.00	0.00	0.00	28.78
एसएचसीआईएल	7.52	0.00	2.50	0.00	10.02
सिडबी (आईडीबीआई अनुषंगी)	0.00	74.99	0.00	0.00	74.99
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया	783.38	52.09	0.00	0.00	835.47
एसबीआई गिल्टस् (एसबीआई अनुषंगी) $	0.00	0.00	0.00	100.00	100.00
स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	0.18	0.00	0.00	0.00	0.18
स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	0.62	10.17	0.00	0.00	10.79
पियरलेस जनरल वित्त एवं निवेश कं. लि.	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
यूटीआई बैंक लि.	111.40	0.00	0.00	0.00	111.40
कुल	2835.46	3737.31	888.38	227.00	7688.15

$ मांग जमा में निवेश

4. तथापि, ऊपर खण्ड VIII और XI के संबंध में किसी भी बात के होते हुए, आस्तियों का मूल्यांकन, शुद्ध आस्ति मूल्य का अभिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उनके प्रकटीकरण का अंतराल सेबी द्वारा समय-समय पर जारी सेबी (एमएफ) विनियमों के प्रावधानों/दिशा निर्देशों/निदेशों के अनुसरण में होगा ।

3. मूल विशेषताएं

"मूल विशेषताओं" का अर्थ निम्नलिखित हैं।

क) योजना का प्रकार : मास्टर इक्विटी प्लान 1999 एक नियतकालिक आय फंड है।
ख) निवेश उद्देश्य : जैसा कि इस पेशकश दस्तावेज के खंड IX के अंतर्गत बताया गया है।
ग) निर्गम की शर्तें : यूनिटों की पुनर्खरीद/प्रतिदान, व्यय के संबंध में इस पेशकश दस्तावेज में प्रावधान है।

योजना की मूल विशेषताओं में कोई भी परिवर्तन कम से कम तीन चौथाई सदस्यों की सहमति से किया जाएगा। आगे मूल विशेषताओं में कोई परिवर्तन होने पर जो अपनी सहमति न दें उन्हें योजना से अपनी यूनिटधारिताओं का मोचन करने की अनुमति होगी।

बोर्ड समय-समय पर योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान से परिवर्धन या अन्यथा उसमें संशोधन कर सकता है तथा ऐसा कोई संशोधन/परिवर्धन सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा। किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा।

ऐसा कोई संशोधन जो मूल विशेषताओं में संशोधन नही है और जो यूनिटधारकों के हितों को प्रभावित नहीं करता हो, सेबी के पूर्व अनुमोदन से किया जाएगा।

X. अंतर योजना अंतरण

इस योजना से ट्रस्ट की दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब -

क) उद्धृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पॉट आधार पर किए गए हों।
स्पष्टीकरण : "स्पॉट आधार" का अर्थ वही होगा जो स्टॉक एक्सचेंज द्वारा स्पॉट सौदों के लिए निर्दिष्ट है।

ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं।

ग) प्लान से/में असूचीबद्ध या अनोद्धृत निवेश का ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में से अंतरण ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

XI. संयुक्त सौदे एवं उधार

1. योजना ट्रस्ट या किसी दूसरे म्यूचुअल फंड की किसी अन्य योजना/प्लान में कोई शुल्क प्रभारित किए बिना निवेश कर सकती है, बशर्ते ट्रस्ट की सभी योजनाओं द्वारा किया गया कुल अन्तरयोजना निवेश या किसी दूसरी आस्ति प्रबंधन कंपनी द्वारा प्रबंधित योजनाओं में किया गया निवेश ट्रस्ट के शुद्ध आस्ति मूल्य के 5% से अधिक न हो।

2. योजना यूनिटों की पुनर्खरीद, प्रतिदान या ब्याज की अदायगी या यूनिटधारकों को आय अदा करने के लिए नकदी की अस्थाई जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने के सिवा उधार नहीं लेगी।
परन्तु उधार योजना की शुद्ध आस्ति के 20% से अधिक नहीं लिया जाएगा और इस तरह के उधार की अवधि छ: माह से अधिक नहीं होगी।

3. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 की धारा 20 के अनुसार ट्रस्ट को निम्नलिखित उधार लेने की शक्तियां प्राप्त हैं :

(i) ट्रस्ट, भारत या भारत से बाहर के किसी प्राधिकरण या व्यक्ति जो सरकार या रिज़र्व बैंक म हो, ऐसी प्रतिभूति के प्रति एवं ऐसी शर्तों एवं निबंधनों पर जिस पर वे आपस में सहमत हो, उधार ले सकता है।

(ii) ट्रस्ट रिज़र्व बैंक से निम्नलिखित स्थितियों में उधार ले सकता है :

(क) भारत में इस समय लागू किसी कानून द्वारा जिससे न्यासी ट्रस्ट का धन निवेश करने हेतु प्राधिकृत है, स्टॉक, निधियों एवं प्रतिभूतियों के प्रति (अचल संपत्तियों के अतिरिक्त) मांग पर या नियत अवधि की समाप्ति पर प्रतिदेय जो इस प्रकार ली गई राशि की तिथि से नब्बे दिन से अधिक न हो।

(ख) केंद्र सरकार के अनुमोदन से बांडों की प्रतिभूति के प्रति, जिसे ट्रस्ट जारी कर सकता है, मांग या जिस तिथि से ऐसी राशि उधार ली गई है, उस तिथि से अठारह महीनों की अवधि के भीतर प्रतिदेय हो।

(ग) प्रथम यूनिट योजना के अतिरिक्त किसी अन्य योजना के प्रयोजन हेतु जिसे इस संदर्भ में रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है ट्रस्ट को ऐसी अन्य संपत्तियों की प्रतिभूति के प्रति या ऐसी शर्तों एवं नियमों पर :

बशर्ते कि इस खंड के अंतर्गत उधार ली गई कोई राशि एवं किसी समय बकाया इससे ज्यादा न हो -

(क) ऐसी प्रत्येक योजना के संबंध में पांच करोड़ रुपए से ज्यादा न हो, एवं

(ख) समग्र रूप से ऐसी समस्त योजनाओं के संबंध में दस करोड़ रुपए।

(iii) ट्रस्ट द्वारा उप धारा (ii) के अंतर्गत जारी बांड के मूल राशि की चुकौती की गारंटी केंद्रीय सरकार द्वारा दी जाएगी एवं ब्याज का भुगतान बांड जारी करते समय केंद्रीय सरकार द्वारा निश्चित दर पर किया जाएगा।

XII. एनएवी निर्धारण एवं आस्तियों का मूल्यांकन

1. शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का परिकलन और प्रकटीकरण :

योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के उपचयों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा। योजना के आरंभ होने के छ: माह के बाद अर्थात् 1 अक्तूबर, 1999 को और उसके बाद साप्ताहिक आधार पर शुद्ध आस्ति मूल्य (पूर्ववर्ती आधार पर) समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा।

2. **इस योजना की आस्तियों का मूल्यांकन :**

(क) अवरुद्ध अवधि के अधीन सहित उद्धृत निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार के अंतिम मूल्य पर या उसकी अनुपस्थिति में मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि के भीतर नवीनतम उपलब्ध भाव पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु, कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोद्धृत निवेश माना जाता है। उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तिथि को अंतिम एवं एनएसई बाज़ार दरों पर किया जाता है और उसकी अनुपस्थिति में मूल्यांकन की तिथि से सात दिनों पूर्व की अवधि के भीतर उपलब्ध नवीनतम भाव पर ही मूल्यांकन हेतु विचार किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से सात दिन पूर्व की अवधि हेतु, कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियां समझा जाता है।

(ख) उद्धृत डिबेंचरों और बॉण्डों के मामले में, बाजार दर जो ब्याज सहित है, उसे ब्याज तत्त्व यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है।

(ग) शेयरों के अधिकार पात्रता का मूल्यांकन, लाभांश तत्त्व हेतु बट्टा काटकर, जहां लागू हो बाजार दर पर किया जाता है।

(घ) अनोद्धृत अधिमान शेयर लागत पर लिए जाते हैं।

(ङ) अनोद्धृत इक्विटी शेयर जैसे न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित किया जाए, उचित मूल्यांकन आधार पर किया जाता है।

(च) अनोद्धृत डिबेंचर, बॉण्ड, सावधि ऋण एवं अंतरणीय नोट परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर जैसा कि ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित हो, मूल्यांकित किए जाते हैं।

(छ) अनोद्धृत वारंट, मूलाधार शेयरों की बाजार दर पर, आय तत्त्व, यदि कोई हो, के लिए बट्टा काटकर तथा देय लागू मूल्य से कम करके, लिए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से लागू देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है।

(ज) परिवर्तनीय डिबेंचर एवं बॉण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन, संबंधित इक्विटी शेयरों, जिनमें आय तत्त्व, यदि कोई हो, के लिए बट्टा काट कर बाजार दर पर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बॉण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि कोई हो, का मूल्यांकन, ऊपर (च) में दिए गए अनुसार किया जाएगा। जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है।

(झ) मुद्रा बाजार लिखतों एवं अन्य अस्तियां बही मूल्य पर ली जाती हैं।

(ञ) अनोद्धृत सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन प्रचलित बाजार दर पर परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर किया जाता है।

(त) **मुद्रा बाजार निधि के अंतर्गत निवेशों के लिए मूल्यांकन नीति :-**

(i) अंतर बैंक कॉल बाजार में निवेशित राशि लागत पर ली जाती है।

(ii) बट्टा /ब्याज उपार्जन लिखत में निवेशित राशि का मूल्यांकन, उस प्रतिफल पर किया जाता है जिसमें लिखत का सौदा अंतिम बार किया गया था। इस उद्देश्य हेतु भाव,जो दो कार्य दिवस पुराना हो वैध माना जाता है। जब पिछले दो कार्य दिवस में का कोई भाव उपलब्ध न हो, तो लिखत को लागत एवं अंकित मूल्य के मध्य अंतर को लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों पर एक समान रूप से लागू करके मूल्यांकित किया जाता है।

(iii) अनोद्धृत प्रतिभूतियों सहित अन्य मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन लागत और लिखत के परिपक्व होने के बाकी बचे दिनों पर एक समान रूप से लागू अंकित मूल्य एवं लागत के मध्य अंतर पर किया जाता है।

XIII. लेखा नीतियां

1. आय की मान्यता

(क) सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों पर लाभांश आय भूतपूर्व लाभांश तिथि पर प्रोद्भूत की जाती है। असूचीबद्ध इक्विटी शेयरों एवं अधिमान शेयरों पर लाभांश आय का हिसाब प्राप्ति आधार पर किया जाता है।

(ख) निवेशों पर ब्याज एवं प्रतिबद्धता प्रभार का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है।

(ग) निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि की पहचान भारित औसत लागत के आधार पर सौदे की तिथियों पर की जाती है। डिबेंचर / बॉण्डों के प्रतिदान पर लाभ या हानि और प्रीमियम की पहचान देय तिथि को की जाती है।

(घ) जब कोई विकास नहीं हो तो हामीदारी कमीशन को नकदी आधार पर राजस्व माना जाता है। विकास के मामले में, पूर्ण हामीदारी कमीशन ऐसे निवेशों की लागत में से कम किया जाता है।

(ङ) शेयरों एवं डिबेंचरों में किए गए निवेशें पर प्रारंभिक शुल्क को ऐसे निवेशों की लागत में से कम कर दिया जाता है। ऋणों पर प्रारंभिक शुल्क की पहचान, वितरण के प्रथम वर्ष में आय के रूप में की जाती है।

(च) अन्य आय की गणना प्राप्ति आधार पर की जाती है।

(छ) 'प्रावधान एवं ह्रास' पर कृपया उप-खंड 5 का संदर्भ लें।

2. व्यय

क. व्यय की गणना प्रोद्भवन आधार पर की जाती है।

ख. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 25(4) के प्रावधानों के अनुसार यूनिट योजना 1964 के अंतर्गत किए गए कुछ खास सामान्य खर्चों का विनिधान अन्य योजनाओं पर किया जाता है।

ग. नियत आस्तियों वाली यूनिट योजना, 1964 कथित आस्तियों के उपयोग के लिए अन्य योजनाओं से अनुमोदन आधार पर पट्टा किराया वसूल करती है।

3. आस्थगित राजस्व व्यय

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 25(3) के प्रावधानों के अनुसार, कुछ खास व्ययों को आस्थगित किया गया है, जो निम्नानुसार हैं -

नियत कालिक योजनाएं :

(i) नियत कालिक योजनाओं द्वारा की गई आरंभिक/अधिकार निर्गम व्यय एवं एजेंटों को कमीशन संबद्ध योजनाओं की समयावधि पर समान रूप से अपलिखित किए जाते हैं।

(ii) नियत कालिक इक्विटी उन्मुख योजनाओं के प्रारंभ के वर्ष में आबंटित सामान्य व्यय, योजना की समयावधि पर समान रूप से अपलिखित किए जाते हैं।

(iii) जब यूनिटों की पुनर्खरीद की जाती है/पुन: क्रय किया जाता है, उस वर्ष प्रभारित एवं अन्य असमाप्त अवधि के लिए आस्थगित राजस्व व्यय को उचित रूप से समायोजित किया जाता है।

4. **निवेश**

क. निवेशों का विवरण लागत पर या अवलिखित लागत पर दिया जाता है।

ख. द्वितीयक बाजार कारोबार के मामले में निवेश को व्यापार तिथियों पर किया गया माना जाता है।

ग. आबंटन पर प्राथमिक बाजार निर्गमों में अभिदान को निवेश माना जाता है।

घ. बोनस/अधिकार पात्रताओं को पूर्ववर्ती-बोनस/पूर्ववर्ती अधिकार तिथियों पर माना जाता है।

ङ. प्रतिदान / देय तिथि को निवेश अर्थात् डिबेंचर/बॉण्डों एवं जमा राशियों, चालू आस्तियों में स्थानांतरित किए जाते हैं।

च निवेश की लागत में दलाली एवं सेवा - कर शामिल हैं लेकिन स्टाम्प शुल्क शामिल नहीं है, जिसे राजस्व में प्रभारित किया जाता है।

5. **प्रावधान एवं मूल्यह्रास :**

(क) संदिग्ध समझी गई आय के प्रति प्रावधान :

पिछली दो तिमाही या उससे अधिक के लिए देय बाकी ब्याज आय के संबंध में प्रावधान किया जाता है।यदि लाभांश,पिछले लाभांश की तिथि से एक वर्ष से अधिक के लिए बाकी है तब तुरंत अगले वर्ष प्रावधान किया जाता है।

(ख) निवेश के मूल्य में ह्रास

(i) उपरोक्त खंड XII(2) के अनुसरण में गणना किए गए निवेशों के कुल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है एवं परिणामत: ह्रास यदि हो, सामान्य प्रारक्षित निधि / यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि को प्रभारित किए जाते हैं।

(ii) जहां, न्यासी मंडल की राय में, अनोधृत इक्विटी या अधिमान शेयरों के मूल्य में महत्त्वपूर्ण कमी होती हो, वहां ऐसे शेयरों की लागत, मामले के अनुरूप, यूनिट प्रीमियम/सामान्य प्रारक्षित निधि/राजस्व लेखे के बट्टे खाते में डाल दी जाती है।

ऐसे मामले, जहां न्यासी मंडल की राय में, पिछले वर्षों में बट्टे खाते में डाले गए निवेश की गुणवत्ता में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ हो, इसे फिर से मूल बही मूल्य में प्रतिलेखित कर दिया जाता है।

(iii) अन्य निवेशों, जैसे डिबेंचरों एवं बॉण्डों, रक्षित/अ-रक्षित अंतरण योग्य नोटों, सावधिक ऋणों एवं जमाओं के मामले में यदि पिछले 180 दिन या उससे अधिक दिनों से ब्याज की अदायगी नहीं की गई हो, तो उन्हें अनुपयोज्य आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और राजस्व लेखे को प्रभारित कर प्रावधान किए जाते हैं। ये प्रावधान प्रत्येक अनुपयोज्य आस्ति के लिए अलग-अलग बनाया जाता है न कि उसी कंपनी की अन्य उपयोगी आस्तियों के लिए।

(iv) अनुपयोज्य आस्तियों का प्रावधान आस्तियों के अनुपयोज्य रहने की अवधि के आधार पर निम्नलिखित रूप में किया जाता है :

आस्ति के अनुपयोज्य रहने की अवधि	प्रावधान का प्रतिशत	
	रक्षित आस्ति	अ-रक्षित आस्ति
दो वर्षों तक	10%	10%
दो वर्षों से अधिक परंतु तीन वर्षों तक	20%	100%
तीन वर्षों से अधिक परंतु पांच वर्षों तक	30%	100%
पांच वर्षों से अधिक	50%	100%

(v) जहां मूल पुनर्भुगतान (i)3वर्षों तक की अवधि वाली ऋण लिखतों के संबंध में पिछली देय अवधि के बाद 180 दिनों हेतु और (ii) 3 वर्षों से अधिक अवधि वाले ऋण लिखतों के संबंध में पिछली देय अवधि के बाद 365 दिनों हेतु,बकाया रहने के कारण ऐसी बकाया किस्तों हेतु प्रावधान बनाया जाता है।ऐसी आस्तियों के लिए समग्र प्रावधान,उपरोक्त तालिका में उल्लिखित प्रतिशत (जमानती आस्तियों हेतु 50% तथा गैर जमानती आस्तियों हेतु 100%) या चूक वाली राशि जो भी अधिक हो,तक सीमित है।

ऐसे मामले जिनमें मूल चूक जारी रहती है,किसी भी किस्त के लिए प्रावधान संबंधित देय तिथियों के 30 दिनों के बाद किया जाता है।

(vi) बकाया देय ब्याज के पूंजीकरण के द्वारा ब्याज के निधियन के मामले में, उसके चूक की अवधि के बावजूद पूर्ण रूप से प्रावधान किया जाता है।

(vii) गैर निष्पादी आस्तियों के लिए प्रावधान यूनिट प्रीमियम प्रारक्षित निधि/सामान्य प्रारक्षित निधि/राजस्व लेखा, जैसा भी मामला हो, में प्रभारित किए जाते हैं।

(viii) अनुच्छेद 5(क)और 5(ख)(vi) के अंतर्गत बनाए गए प्रावधान प्राप्ति के आधार पर पुनरांकित किए जाते हैं। 5(ख)(v) के अंतर्गत प्रावधान किस्तों की प्राप्ति तक पुनरांकित किए जाते हैं।

6. **यूनिटों का पुन:क्रय :**

शेयर बाजार में सूचीबद्ध एवं खुले बाजार के क्रियाकलाप के जरिए प्रतिदान के लिए पुन:क्रय की गई योजनाओं की यूनिटें सौदे की तिथियों पर हिसाब में ली जाती हैं। अभिग्रहण लागत एवं अंकित मूल्य के बीच के अंतर को राजस्व विनियोजन लेखा से प्रभारित किया जाता है।

7. **आय वितरण :**

आय वितरण हेतु प्रावधान अनुमोदित दर पर किए जाते हैं।

वे योजनाएं, जिनके अंतर्गत यूनिटें प्रीमियम पर या अंकित मूल्य पर बट्टा देकर बेची जाती हैं, को छोड़कर सभी योजनाओं के अंतर्गत पूंजीकरण के लंबित रहने पर आवेदन राशि पर आय वितरण के लिए प्रावधान किया जाता है। इन योजनाओं पर आय वितरण पूंजीकरण के वर्ष में राजस्व विनियोजन लेखे में प्रभारित किया जाता है।

1 जनवरी, 1997 के बाद प्रारंभ हुई मासिक आय प्लानों के संबंध में, जहां आय वितरण आश्वासित है, उसकी निकासी के संबंध में देयता के लिए प्रावधान लेखा बहियों में प्रत्येक वर्ष अप्रैल से मार्च तक की अवधि हेतु किए जाते हैं।

8 **वित्तीय परिणाम का प्रकाशन :**

यथा 31 दिसंबर को अलेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम 2 माह के भीतर एवं यथा 30 जून को लेखा परीक्षित वार्षिक परिणाम लेखा को अंतिम रूप देने के 6 माह के भीतर एक अंग्रेजी दैनिक एवं एक मराठी दैनिक में प्रकाशित किया जाएगा।

XIV. निवेशों का कर - निरूपण

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 88 के अंतर्गत, एमईपी '99 की यूनिटों में किया गया निवेश, निवेशित राशि का 20% (बशर्ते अधिकतम रु. 10,000/-) कर-छूट के योग्य होगा। अन्य शब्दों में, निवेशक द्वारा निवेशित राशि के 20% को (बशर्ते अधिकतम रु. 10,000/-) देय कर, यदि कोई हो में से घटा दिया जाएगा। तथापि, किसी निवेशक के मामले में जो लेखक, नाटककार, कलाकार, संगीतज्ञ, अभिनेता या खिलाड़ी (एथलीट सहित) के रूप में उसके व्यवसाय से प्राप्त आय, कुल आय का 25% या उससे अधिक है, तो निवेशित राशि का 25% जो रु.10,000/- से अधिक न हो (अर्थात् रु. 2500 तक) निवेशक के कर-देयता से छूट के योग्य होगा।

प्रचलित कर कानूनों के अनुसार अन्य कोई आय या यूनिटों से पूंजीगत अभिलाभ कर के योग्य होंगी। वर्तमान में, एमईपी '99 सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं के अंतर्गत यूनिटों से आय, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80 एल के अंतर्गत रु. 15,000/- की समग्र सीमा तक आय से कटौती की लाभ उठाएगा और प्लान में से प्राप्त होने वाला दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ आयकर अधिनियम 1961 की धारा 48 एवं 112 के अंतर्गत बताए गए निरूपण के अधीन होगा।

योजना में निवेश का मूल्य धन कर से पूर्णतया मुक्त है।

स्रोत पर कर की कटौती यदि हो, प्रचलित कर कानूनों के अनुसार होगी।

धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजी अभिलाभ कर छूट

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाली संपूर्ण या आंशिक शुद्ध राशि का एमईपी '99 में किया गया निवेश, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर से छूट के लिए पात्र होगा बशर्ते पुनर्खरीद/अंतरण/गिरवी, आवेदन की स्वीकृति के तीन वर्षों बाद ही की/किया/रखा जाए।

धारा 54 ईबी के अंतर्गत पूंजी अभिलाभ कर छूट

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाली संपूर्ण या आंशिक शुद्ध राशि का एमईपी '99 में किया गया निवेश, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54ईबी के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर से छूट के लिए पात्र होगा बशर्ते पुनर्खरीद/अंतरण/गिरवी, आवेदन की स्वीकृति पर सात वर्षों बाद ही की/किया/रखा जाए।

हालांकि धारा 54ईए/54ईबी के तहत कर में छूट का लाभ ले रहे निवेशक आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 88 के अन्तर्गत कर में छूट के पात्र नहीं होंगे।

उपहार कर :

उपहार कर अधिनियम, 1958 ने 1 अक्तूबर, 1998 को अथवा उसके पश्चात् दिए गए उपहारों के मामले में उपहार कर की उगाही को समाप्त कर दिया है। अत: यूटीआई की यूनिटों का उपहार बिना किसी ऊपरी सीमा के उपहार कर की उगाही से पूर्णत: माफ है। इसी तरह, इस प्लान के अंतर्गत यूनिटों के उपहारों का मूल्य तीन वर्षों की अवरुद्ध अवधि के पश्चात उपहार कर से मुक्त होगा।

XV. निवेशकों के अधिकार एवं सेवाएं

1 प्लान के अधीन यूनिटधारकों को प्लान की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा प्लान के आय में समानुपातिक अधिकार प्राप्त है।

2. यूनिटधारकों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हो तथा यूनिटधारकों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे।

3. यूनिटधारकों को यूनिटों की बिक्री बंद होने की तिथि से 6 सप्ताहों के भीतर यूनिट प्रमाणपत्र जारी किए जाने का अधिकार है।

4 यूनिटधारकों को अधिकार है कि जिस कार्यालय में पुनर्खरीद आग्रह संसाधित किए जाते हैं वहां आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 10 कार्य दिवसों के भीतर (बशर्ते कि आवेदन सही हो) पुनर्खरीद/प्रतिदान प्राप्तियां उन्हें भेजी जाए।

5. आय की घोषणा के मामले में यूनिटधारकों को अधिकार है कि आय की घोषणा की तिथि से 42 दिनों के भीतर आय वारंट प्रेषित किए जाएं।

6. संबद्ध लेखा वर्ष की समाप्ति के छः माह के भीतर मास्टर इक्विटी प्लान 1999 के संदर्भ में संक्षिप्त वार्षिक रिपोर्ट की एक प्रति सभी यूनिटधारकों को भेजी जाएगी एवं पूरी वार्षिक रिपोर्ट निरीक्षण के लिए केंद्रीय निवेशक संपर्क कक्ष में उपलब्ध कराई जाएगी एवं इसकी प्रति यूनिटधारकों को न्यूनतम शुल्क, यदि कोई हो, के भुगतान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

निर्धारित पुनर्खरीद मूल्य की प्राप्ति के बाद की किसी अवधि के लिए पुनर्खरीद मूल्य में वृद्धि या उसके बाद की किसी अवधि के लाभांश के रूप में किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त लाभ उपचित नहीं होगा। फिर भी, ट्रस्ट लिखित रूप से सेबी की पूर्व अनुमति से इस योजना को 5 वर्षों से आगे बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसी स्थिति में यूनिटधारकों को विकल्प दिया जाएगा कि या तो वे यूनिटों को वापस ट्रस्ट को बेच दें अथवा इस योजना में बने रहें। ट्रस्ट द्वारा निवेशक को यह विकल्प भी दिया जा सकता है कि वह पुनर्खरीद की राशि को आरंभ की गई अथवा उस समय परिचालन में रहने वाली किसी भी योजना में परिवर्तित कर सके।

योजना की अवधि में 5 वर्ष से अधिक की बढ़ौतरी विनियम 33 के उप-विनियम 4 के अनुसार होगी। उप-विनियम के प्रावधान इस प्रकार हैं :

नियत कालिक अवधि वाली योजना परिपक्वता अवधि की समाप्ति पर पूर्णत: उन्मोचित होगी।

बशर्ते नियत-कालिक योजना को रोल ओवर हेतु अनुमति दी जाएगी यदि रोल ओवर हेतु प्रयोजन, अवधि एवं अन्य शर्तें और रोल-ओवर से तुरंत पहले आस्तियों के संभावित संयोजन सहित योजना के अन्य महत्त्वपूर्ण ब्यौरे, योजना की शुद्ध आस्तियों एवं शुद्ध आस्ति मूल्य से यूनिटधारकों को सूचित किया जाएगा और इसकी एक प्रति सेबी को भेजी जाएगी।

बशर्ते इसके आगे, ऐसे रोल ओवर की अनुमति केवल ऐसे यूनिटधारकों के मामले में दी जाएगी जिन्होंने अपनी सहमति लिखित में दी हो एवं ऐसे यूनिटधारक जिन्होंने रोल ओवर का विकल्प नहीं दिया है या लिखित सहमति नहीं दी है, उन्हें शुद्ध आस्ति मूल्य आधारित मूल्य पर अपनी पूर्ण धारिताओं का मोचन करने की अनुमति दी जाएगी।

(ii) ट्रस्ट योजना को निम्नलिखित परिस्थितियों में समाप्त कर सकता है :

(क) योजना के पांच वर्ष पूरे होने पर अर्थात् 31 दिसंबर, 2003 को अथवा आगे ऐसी तारीख की समाप्ति पर जो ट्रस्ट द्वारा यथानिर्धारित हो।

(ख) कोई ऐसी घटना घटित होने पर और जिससे ट्रस्ट की राय में योजना की समाप्ति आवश्यक हो, या

(ग) योजना के 75% यूनिटधारक द्वारा योजना को समाप्त करने का संकल्प पारित करने पर, या

(घ) यूनिटधारकों के हित में सेबी ऐसा करने के लिए निर्देश दे।

(iii) जहां उपर्युक्त उप खण्ड (ii) के अधीन योजना की समाप्ति की जाती है, तो ट्रस्ट, योजना समाप्त करने की परिस्थितियों की सूचना सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित होनेवाले दो दैनिक समाचार पत्रों में और मुम्बई में एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में समापन प्रभावी होने के एक सप्ताह पहले देनी होगी।

(iv) योजना की समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट -

(क) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा।

(ख) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को उत्पन्न और रद्द करना बंद करेगा।

(ग) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान भी बंद करेगा।

(v) न्यासी मंडल सदस्यों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा।

(vi) (क) न्यासी मंडल या योजना के अन्तर्गत प्राधिकृत व्यक्ति योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के यूनिट धारक के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा।

(ख) ऊपर दिए गए उप खण्ड (vi)(क) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टान्त में, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय लेने वाली तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा।

(vii) समाप्ति पूरी होने पर, ट्रस्ट सेबी और सदस्यों को समाप्ति के बारे में एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियां, जिनके कारण योजना समाप्त हुई, समाप्ति से पूर्व आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए की गई योजना का व्यय, सदस्यों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियों के विवरण और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाणपत्र भेजेगा।

(viii) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम 1996 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए तब तक लागू रहेंगे जब तक कि समाप्ति पूरी नहीं हो जाती या योजना बंद नहीं हो जाती।

(ix) उपरोक्त खण्ड (vii) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट हो जाती है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है तो योजना समाप्त हो जाएगी।

(x) ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र विधिवत् रूप से भरे हुए पुनर्खरीद फार्म के साथ यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा। पुनर्खरीद के लिए प्राप्त यूनिट प्रमाणपत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हों, ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए रख लिए जाएंगे।

V. व्यय

क. पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटें सम-मूल्य पर बेची जाएंगी।

पुनर्खरीद के लिए एनएवी पर भार 5% से अधिक नहीं होगा।

ख) योजना के अंतर्गत एकत्र निधि का निर्गम पूर्व व्यय 3.5% से अधिक नहीं होगा। योजना के प्रारंभिक निर्गम खर्चों का अनुमान निम्नानुसार है :

व्यय	%
मुद्रण और डाक	0.75
प्रचार	0.75
विपणन व्यय	1.00
स्टाम्प शुल्क	0.50
संसाधन प्रभार	0.50
योग	3.50

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपये का कम से कम 96.5 पैसा इस योजना में निवेश किया जाएगा।

(ii) पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान प्रारंभ की गई योजनाओं का प्रारंभिक निर्गम व्यय इस प्रकार है :

योजना	व्यय (एकत्रित निधि का %)
आईआईएसएफयूएस' 97	0.10
आईईएफ' 97	5.75
एमआईपी-97(II)	2.45
एमआईपी-97(III)	3.44
एमआईपी-97(IV)	1.87
एमआईपी-97(V)	2.60
एमआईपी-98	1.33
आईआईएसएफयूएस' 97(II)	0.09
एमईपी-98	6.00
आईआईएसएफयूएस -98	0.05
एनआरआई फंड	2.90

पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान प्रारंभ की गई योजनाओं के संबंध में ट्रस्ट द्वारा वहन किए गए व्यय (डीआरएफ द्वारा प्रभारित) इस प्रकार है :

योजना	व्यय (एकत्रित निधि का %)
एमएमएमएफ	0.50
एमईपी-98	7.22

ग) आरंभिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त, आवर्ती आधार पर योजना पर निम्नलिखित व्यय प्रभारित किए जाएंगे जो किसी भी लेखा वर्ष के दौरान साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 2% से अधिक नहीं होगा। अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार हैं :

व्यय	%
प्रशासनिक व्यय	0.90
अभिरक्षण शुल्क	0.50
विकास प्रारक्षित निधि	0.25
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
लेखा परीक्षा शुल्क, न्यासियों के शुल्क एवं व्यय, दलाली एवं लेनदेन की लागत आदि	0.25
योग	2.00

उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों में परस्पर परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं। फिर भी, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के अनुसार कुल आरंभिक निर्गम व्ययों के रूप में कुल व्यय एकत्र निधि की 3.5% की सीमा के भीतर तथा आवर्ती व्यय किसी भी लेखा वर्ष के दौरान साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 2% की सीमा के भीतर ही होगा।

योजना का कुल आवर्ती व्यय, आरंभिक निर्गम व्ययों एवं प्रतिदान व्ययों को छोड़कर परंतु प्रशासनिक व्ययों, विकास प्रारक्षित निधि और स्टाफ कल्याण न्यास में अंशदान को सम्मिलित करते हुए निम्नलिखित सीमाओं के अधीन होगा :

(i) प्रथम 100 करोड़ रुपये की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों पर - 2.25%
(ii) अगले 300 करोड़ रुपये की औसत सेाप्ताहिक शुद्ध आस्तियों पर - 2.00%
(iii) अगले 300 करोड़ रुपये की औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्तियों पर - 1.75%
(iv) आस्तियों के शेष पर - 1.50%

प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान एवं कर्मचारी कल्याण न्यास में अंशदान, सेबी (एमएफ) विनियम, 1996 के विनियम 52 के खण्ड 2 के अंतर्गत उल्लिखित सीमा से अधिक नहीं होंगे, नामत:

(i) जब तक शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ रुपए को पार नहीं करती हैं, योजना के प्रत्येक लेखा वर्ष में बाकी सप्ताहिक औसत शुद्ध आस्तियों के एक एवं एक चतुर्थांश प्रतिशत, और

(ii) 100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का एक प्रतिशत, जहां ऐसी परिकलित शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ रुपए से अधिक हों।

सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 में बताए अनुसार, यूटीआई कोई निवेश प्रबंध एवं सलाहकार शुल्क नहीं लगाता है। हालांकि, यूटीआई सुनिश्चित करेगा कि आरंभिक निर्गम व्यय और वार्षिक आवर्ती व्यय सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1996 के विनियम 52 के अंतर्गत बताई गई सीमाओं के भीतर रहे।

घ) विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.25% ट्रस्ट के डीआरएफ में अंशदान के रूप में रखा जाएगा। डीआरएफ अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा।

आश्वासित प्रतिफल वाली योजनाओं सहित जारी की गई योजनाओं की निवेश योग्य निधियों के 9237.72 करोड़ रुपए की तुलना में 30 जून 1998 को विकास प्रारक्षित निधि (डीआरफ) की मात्रा 649.42 करोड़ रुपए है। आईआईएसएफयूएस-98 (II) एवं अन्य ऐसी आश्वासित प्रतिफल वाली योजनाओं में हुई कमी को पूरा करने हेतु डीआरएफ की मात्रा पर्याप्त है। अश्वासित प्रतिफल वाली योजनाओं का ब्यौरा पृष्ठ 42 पर दिया गया है।

निम्नलिखित योजनाओं की प्रारक्षित निधि 30-6-98 को ऋणात्मक रही : एमआईपी 94(III) [रु. 37.2 करोड़], आईआईएसएफयूएस '97 [रु. 34.9 करोड़], एमआईपी '97 [रु. 101.7 करोड़], एमआईपी '97 (II) [रु. 98.0 करोड़], एमआईपी '97 (III)[रु. 45.9 करोड़] जो मुख्यत: स्टॉक बाजार की मंदी की परिस्थितियों के कारण है जिसके परिणामस्वरूप इन योजनाओं की इक्विटी पोर्टफोलियो में सांकेतिक ह्रास हुआ है।

प्रबंधन दृष्टिकोण : उपरोक्त योजनाएं वर्ष 1999 से 2002 में परिपक्व होंगी। बाजार की परिस्थितियों में सुधार होने के साथ अंतरनिहित स्क्रिप सांकेतिक ह्रास को उलटते हुए अपने उचित मूल्य को प्राप्त कर लेंगे ऐसी संभावना है। इसके अतिरिक्त, योजना के प्रतिदान हेतु देय होने से पहले डेट एवं इक्विटी में सक्रिय लेन-देन से मूल्य में वृद्धि होने की संभावना है।

ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके। इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंधन और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट के छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासों जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबंधित हों, तथा ट्रस्ट की किसी भी योजनाओं में आश्वासित प्रतिलाभ की दर में कमी होने की दशा में भुगतान करने के लिए भी किया जा सकता है।

(ङ) कर्मचारी कल्याण निधि में अंशदान

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा।

ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं।

VI. यूनिटों की बिक्री

1. यूनिट प्रमाणपत्र

यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री-संविदा, स्वीकृति तिथि अर्थात् चेक के वसूली की तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। यूनिट ट्रस्ट उसके बाद निवेश की गई राशि के लिए यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा। प्रेषित यूनिट प्रमाणपत्र के खो-जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने या गलत डिलिवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा।

यूनिट ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट/समिति/निगमित निकाय को जारी यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट/समिति/निगमित निकाय के नाम पर ही होगा।

यूनिट ट्रस्ट यूनिट प्रमाणपत्र को यथाशीघ्र लेकिन योजना के अंतर्गत यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से छः सप्ताहों के भीतर भेजने का प्रयत्न करेगा।

2. भुगतान विधि

(i) आवेदक द्वारा सभी भुगतान आवेदन पत्र के साथ चेक या ड्राफ्ट द्वारा (बैंक ड्राफ्ट कमीशन निवेशक द्वारा ही वहन किया जाएगा)किए जाएंगे, चेक या ड्राफ्ट वसूल करने की लागत भी इसमें शामिल होगी। चेक या ड्राफ्ट उसी शहर के बैंकों की शाखाओं पर आहरित होने चाहिए जहां ट्रस्ट का शाखा कार्यालय हो और उस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हो।

(ii) यदि भुगतान चेक द्वारा किया गया हो तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट द्वारा चेक की राशि वसूल किए जाने की तिथि होगी। यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया गया हो, तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट जारी करने की तारीख होगी, बशर्ते ऐसे ड्राफ्ट की राशि की वसूली हो जाए, परंतु ट्रस्ट को आवेदन पत्र ड्राफ्ट जारी करने के 7 दिन के भीतर प्राप्त हो जाए। अदा की गयी राशि योजना के अंतर्गत न्यूनतम देय राशि और अन्य देय प्रभार को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है तो संपूर्ण राशि ट्रस्ट द्वारा ऐसी रीति से जिसे वह उचित समझे, आवेदक को उसके खर्च पर वापस की जाएगी।

3. आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का ट्रस्ट का अधिकार :

योजना के अंतर्गत यूनिट जारी करने के लिए आवेदन पत्र स्वीकार करने और/या अस्वीकार करने का एक मात्र स्वविवेकाधिकार ट्रस्ट का होगा। निम्नलिखित परिस्थितियों में ट्रस्ट, यूनिटें जारी करने का आवेदन अस्वीकृत कर सकता है :

i. दस लाख की न्यूनतम रकम से कम निवेश के साथ आवेदन प्राप्त हों
ii. प्राधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा आवेदन हस्ताक्षरित न हुए हों, और
iii. आवेदक की योजना में निवेश करने की पात्रता न हो।

योजना के अंतर्गत आवेदन करने की किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के संबंध में ट्रस्ट का निर्णय अंन्तिम होगा।

यदि आवेदन पत्र अपूर्ण पाया जाए तो उसे रद्द किया जा सकेगा और ट्रस्ट यथाशीघ्र बिना किसी देयता के चाहे वह ब्याज के लिए हो या अन्य कोई राशि हो, आवेदन राशि वापस कर देगा। आवश्यक परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताओं का अनुपालन किये जाने के बाद राशि वापस की जाएगी।

आवेदक के बैंक के विवरण के बिना कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

4. यूनिट जारी होने से पहले आवेदक को योजना के अन्तर्गत अपेक्षाओं का अनुपालन करना होगा :

योजना के अन्तर्गत यूनिटों के लिए आवेदन करनेवाली संस्थाओं को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और निवेशक वर्ग के अनुसार ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं पूरी करनी होंगी जैसे ट्रस्ट द्वारा आवेदन करने पर न्यास विलेख, यूनिट खरीदने के लिए प्रबंध निकाय का संकल्प, समितियों द्वारा आवेदन करने पर उप-नियम और प्रबंध समिति का संकल्प आदि एवं भागीदारी फर्म द्वारा आवेदन करने पर भागीदारी विलेख की प्रमाणित प्रति कंपनियों के मामले में संस्था के बहिर्नियम, अंतर्नियम एवं ज्ञापन आदि ट्रस्ट की संतुष्टि के अनुरूप ऐसी अपेक्षाओं का पालन करना या न करना ट्रस्ट के पूर्ण स्वविवेक पर निर्भर होगा।

कोई संस्था गलत घोषणा कर यूनिट रखेगी तो वह सदस्यता निरस्त किए जाने की भागी होगी और उसका नाम यूनिट धारकों की पंजी से काट दिया जाएगा।

ऐसी स्थिति में ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह 25% जुर्माने के तौर पर घटाकर यूनिटों की पुनर्खरीद सममूल्य पर या ऐसे मूल्य पर कर लें जो ट्रस्ट द्वारा तय किया जाए और गलती से किए गए आय वितरण के भुगतान की वसूली पुनर्खरीद राशि से कर लें और शेष राशि वापस कर दें।

इस राशि पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा, चाहे ट्रस्ट को पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि प्रेषित करने में जितना भी समय लगे।

VII. यूनिटों की पुनर्खरीद

(1) (i) योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान अर्थात् 31 दिसंबर, 2001 तक यूनिटों की कोई पुनर्खरीद नहीं की जाएगी। पुनर्खरीद मूल्य पूर्ववर्ती साप्ताहिक शुद्ध आस्ति मूल्य पर बट्टे पर होगा। बट्टा 5% से अधिक नहीं होगा। पुनर्खरीद मूल्य की घोषणा 1जनवरी, 2002 से प्रत्येक सप्ताह में एक बार की जाएगी। यह गारंटी दी जाती है कि योजना में निवेशिक पूंजी परिपक्वता पर सुरक्षित रहेगी अर्थात् यूनिटों का मोचन सममूल्य से नीचे नहीं होगा। समय पूर्व पुनर्खरीद के लिए ऐसी कोई गारंटी नहीं है और ऐसे मामलों में पुनर्खरीद मूल्य प्रचलित एनएवी पर आधारित होगा।

आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति दी जाएगी बशर्ते यूनिटधारक यूनतम शेष के रूप में दस लाख रुपये (अंकित मूल्य) कायम रखे।

(ii) यूनिटधारक को यूनिटों को पुनर्खरीद के लिए पेश करने के लिए कोई बाध्यता नहीं होगी जैसा कि ऊपर उप-खण्ड 1(i) में बताया गया है और वह योजना चालू रहने के दौरान अपनी इच्छानुसार उसका धारण कर सकते हैं।

इस संबंध में कृपया खंड (4) भी पढ़े।

(2) पुनर्खरीद के लिए संविदा स्वीकृति तिथि को समाप्त मानी जाएगी।

(3) पुनर्खरीद, यथोचित भरे हुए पुनर्खरीद फार्म के साथ यूनिट प्रमाणपत्र के प्राप्त होने के बाद प्रभावी होगी। पुनर्खरीद राशि का प्रेषण, ट्रस्ट के मुंबई मुख्य शाखा कार्यालय में, जहां पुनर्खरीद अनुरोध संसाधित होते हैं, आवेदन पत्र के प्राप्त होने की तिथि से 10 कार्य दिवसों के भीतर (बशर्ते आवेदन उचित हो) इस प्रकार किया जाएगा जैसा आवेदक ने आवेदन पत्र में निर्दिष्ट किया हो। किसी भी स्थिति में, आवेदक को देय राशि पर, कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा और विप्रेषण लागत (डाक खर्च सहित) अथवा यूनिट ट्रस्ट द्वारा भेजे गए चेक अथवा ड्राफ्ट की वसूली का खर्च आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा।

(4) यूनिटों की बिक्री और पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

योजना के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों की खरीद या पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा -

(i) ऐसे दिन, जो कार्य-दिवस नहीं हों; और

(ii) ऐसी अवधि में जब ट्रस्ट द्वारा अधिसूचित किसी कारणवश (यूनिट ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित) यूनिट धारकों की पंजी बन्द हो।

स्पष्टीकरण : इस योजना के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो (i) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत अधिसूचित हो या (ii) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट का कार्यालय बन्द रहेगा।

बिक्री या पुनर्खरीद स्वीकृति तिथि को होगी :

यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की प्रत्येक बिक्री और पुनर्खरीद स्वीकृति तिथि के अनुसार उस दिन की प्रचलित मूल्य पर होगी।

VIII. आय वितरण

1. आय वितरण की दर :

ट्रस्ट सभी पांच वर्षों के लिए 14% प्र. व. की दर पर आश्वासित आय भुगतान करने का प्रस्ताव रखता है। आश्वासित आय के भुगतान के मामले में कमी होने पर उसकी प्रतिपूर्ति विकास प्रारक्षित निधि से की जाएगी। पहले वर्ष के लिए आय की गणना स्वीकृत तिथि पर निर्भर करते हुए दैनिक आधार पर की जाएगी जैसे खंड VI(2)(ii) में बताया गया है और उसे जुलाई 1999 में अदा किया जाएगा। उसके बाद के वर्षों के लिए आय वितरण प्रति वर्ष जुलाई में अदा किया जाएगा और 1 जुलाई 2003 से 31 दिसंबर, 2003 तक की शेष अवधि का आय वितरण दिसंबर 2003 में अदा किया जाएगा।

2. यूनिटधारकों को भुगतान :

क। वार्षिक आय विकल्प :

(1) ट्रस्ट योजना के सभी पांच वर्षों के लिए 14% प्र.व. की दर पर आय अदा करेगा। पहले वर्ष के लिए (30 जून, 1999 को समाप्त वर्ष) आय जुलाई 1999 में समानुपातिक आधार पर देय होगी। उसके बाद के वर्षों के लिए आय प्रति वर्ष जुलाई में अदा की जाएगी और जुलाई 2003 से दिसंबर, 2003 तक की शेष अवधि के लिए आय दिसंबर, 2003 में अदा की जाएगी। आय वितरण वारंटों को, जिस वर्ष में आय देय हो, उसके समाप्त होने के 42 दिनों के भीतर प्रेषित किया जाएगा।

कम मार्केटिंग तथा सेवा प्रभार और योजना के निवेश उद्देश्य और प्रचलित नीतियों तथा लिखतों से अनुमानित लाभ, जिनमें प्लान की निधियों का निवेश किया जाएगा, के आधार पर योजना सभी पांच वर्षों के लिए 14% की दर से आश्वासित प्रतिलाभ अदा करने के लिए पर्याप्त आय उत्पन्न कर सकेगी।

(2) यूनिटों के संबंध में जिसका वह धारक है ट्रस्ट द्वारा घोषित कोई आय प्राप्त कर धारण करना यूनिट धारक के लिए वैध होगा, भले ही उसके द्वारा किसी प्रतिफल हेतु यूनिट अंतरित कर दिए गए हों तथापि जब तक अंतरिती जो अंतरणकर्ता से आय का दावा करता है, आय के देय होने के 15 दिनों के भीतर प्रमाणपत्र और अंतरण से संबंधित अन्य सभी दस्तावेज, जो प्रावधानों के अंतर्गत या अन्य रूप से उसके नाम में पंजीकृत करने के लिए ट्रस्ट द्वारा मांगे जाए, उन्हें प्रस्तुत नहीं कर देगा।

स्पष्टीकरण : इस उप-खण्ड में निर्दिष्ट अवधि निम्नलिखित मामलों में विस्तारित की जाएगी -

i) अंतरण विलेख के चोरी होने या अंतरकर्ता के नियंत्रण के बाहर की परिस्थिति में या अन्य किसी कारण से खो जाने की स्थिति में उसके स्थान पर दूसरा प्राप्त करने में व्यतीत हुई वास्तविक अवधि के लिए और

ii) कोई प्रमाणपत्र दाखिल करने में हुए विलम्ब और अंतरण के संबंध में अन्य दस्तावेजों को डाक द्वारा देरी से पहुंचने के संबंध में हुए विलम्ब की वास्तविक अवधि के लिए।

(3) इसमें ऊपर उल्लिखित किसी भी बात के होने के बावजूद ऐसी यूनिटों के संबंध में, जिसका वह धारक है, यूनिटधारक को देय किसी भी आय का भुगतान करने का ट्रस्ट का अधिकार प्रभावित नहीं होगा।

(4) यूनिटधारकों में वितरित की जानेवाली ऐसी आय पर ट्रस्ट द्वारा कोई भी ब्याज देय नहीं होगा। तथापि, ट्रस्ट योजना के अंतर्गत स्थापित प्रारक्षित निधि पर निर्भर करते हुए और उचित परिस्थितियों के होने पर यूनिटधारक द्वारा आय के किसी विलम्ब पर किए दावे पर जैसा कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित किया जाएगा उस रूप में और रीति से यूनिटधारक को मुआवज़ा देगा।

(5) यूनिटधारकों मे वितरित की जाने वाली आय चेक या यूनिट ट्रस्ट के बैंकरों के नाम आहरित वारंट या यूनिटधारक के विकल्प पर, बैंक ड्राफ्ट द्वारा अदा की जाएगी। उक्त बैंक ड्राफ्ट के प्रभार यूनिटधारक द्वारा वहन किए जाएंगे।

आय वितरण वारंटों के खो जाने/गलत स्थान पर पहुँचने के कारण उनके संभावित कपटपूर्ण नकदीकरण के विरुद्ध सावधानी के तौर पर आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे रिकार्ड के लिए आवेदन फार्म में उपयुक्त स्थान पर तथा पावती रसीद वाले भाग पर अपने बैंक खाते का पूरा विवरण (अर्थात् खाते का प्रकार एवं खाता संख्या, बैंक का नाम) दें। तब आय वितरण वारंट इस प्रकार से निर्दिष्ट किए गए उनके खाते में जमा करने के लिए बैंक के पक्ष में तैयार कर उन्हें भेजे जाएंगे। यूनिटधारक कथित बैंक में अपने खाते मे जमा करने हेतु उस आय वितरण वारंट को प्रस्तुत कर सकते हैं।

आय वितरण वारंट/पुनर्खरीद चेक/परिपक्वता चेक के कपटपूर्ण नकदीकरण को रोकने के लिए सेबी ने निवेशकों के हित के लिए अनिवार्य कर दिया कि वे आवेदन पत्र में उपयुक्त स्थान पर बैंक का विवरण दें।

बैंक विवरण के बिना कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ख) संचयी विकल्प

(i) इस विकल्प के अन्तर्गत कोई आय वितरित नहीं की जाएगी। प्रतिलाभ 14% प्र.व की दर से संचयित किया जाएगा ताकि रु. 10,00,000/-, पाँच वर्षों के बाद प्रतिदान के समय कम से कम रु. 19,25,415/- हो जाएं।

तथापि प्रतिवर्ष संचयित राशि पर घोषित एवं संचित आय के संबंध में परिपक्वता राशि स्रोत पर कर की कटौती जहां लागू हो, पर निर्भर होगी, जैसे कि आयकर अधिनियम 1961 में उल्लेख किया गया है।

(ii) संचयी विकल्प के अंतर्गत प्रोद्भूत आय प्रत्येक जून में जोड़ी जाएगी। अवधि के लिए पहले ऐसे आय विवरण की गणना निवेश की तिथि पर निर्भर करते हुए 30 जून, 1999 के अनुसार की जाएगी और इसे जूलाई/अगस्त 1999 में भेजा जाएगा।

किसी वर्ष 30 जून को जारी किया गया विवरण अगले वर्ष के 30 जून तक वैध रहेगा।

आईआईएसएफयूएस '98(II) के अंतर्गत 14% प्र.व. की दर पर प्रतिलाभ का औचित्य

मान लीजिए योजना में 100 करोड़ रुपये एकत्रित होते हैं। आरंभिक व्यय 0.5% हैं और वे 3 वर्ष की अवधि के दौरान अपलिखित किए जाते हैं (क्योंकि पुनर्खरीद 3 वर्ष पश्चात् शुरू होती है)। पहले वर्ष में उपलब्ध निवेश योग्य निधि 99.5 करोड़ रुपए होगी।

फंड ऋण और मुद्रा बाजार लिखतों में 90% एवं इक्विटी में 10% निवेश करेगी। योजना ऐसे डिबेंचर/बाण्ड में निवेश करेगी जिसका जोखिम तत्व न्यून से मध्यम हो। इन लिखतों के वाईटीएम 14.25% से 16.50% की सीमा में हैं। इसका अर्थ है कि ऋण लिखतों की औसत भारित आय 15.36% होगी।

लाभांश प्रतिफल, वृद्धि/ह्रास एवं अर्जित मुनाफा के जरिए इक्विटी पर वार्षिक प्राप्ति लगभग 12% होगी।

लिखतें	पोर्टफोलियो का प्रतिशत	निवेश योग्य निधि	प्रतिफल %
डिबेंचर	90	89.55	15.36
इक्विटी	10	9.95	12.00

$$\text{पोर्टफोलियो पर औसत भारित आय} = \frac{89.55 * 15.36 + 9.95 * 12}{100.00} = 14.95\%$$

वार्षिक व्यय एवं प्रावधान को 0.75% लेते हुए, वितरण के लिए प्राप्त आय 14.20% होगी। वार्षिक देय के अनुसार यह 14.00% प्र.व. की दर से लाभांश के भुगतान के लिए पर्याप्त होगी।

उपर्युक्त उदाहरणस्वरूप है तथा प्लान के प्रारंभ होने के समय बाजार की परिस्थितियों पर आधारित है और निम्नलिखित अनुमान है :

i) जुटाई गई संपूर्ण निधि को कम से कम समय में जैसे । माह में अभिनियोजन करने के पर्याप्त अवसर है।

ii) इक्विटी पोर्टफोलियो को लाभ दर्ज करने के लिए सक्रिय रूप से संचालित किया जाएगा।

IX. निवेश उद्देश्य, नीतियां एवं स्टॉक उधार

1. निवेश उद्देश्य :

योजना का निवेश उद्देश्य मुख्यत: ग्राहक को नियमित आय उपलब्ध कराना तथा योजना की परिपक्वता पर ग्राहक की पूंजी में वृद्धि के लिए प्रयत्न करना भी है।

योजना के अंतर्गत संग्रहीत निधियों का सभी प्रारंभिक परिचालन पूर्व और परिचालनगत खर्चों का प्रावधान करने के बाद सामान्यत: निम्न रूप में निवेश किया जाएगा :

(i) निधियों का कम से कम 70% ऋण लिखतों में निवेश किया जाएगा। निवेश का जोखिम तत्व न्यून से मध्यम होगा।

(ii) निधियों का 30% से अनधिक इक्विटी और इक्विटी संबंधी लिखतों में निवेश किया जाएगा। जोखिम तत्व इक्विटी निवेश में उच्च हो सकता है।

न्यूनतम एवं अधिकतम आस्ति निर्धारण :

ऋण - न्यूनतम 70% अधिकतम 100%

इक्विटी - अधिकतम 30%

मुद्रा बाजार लिखतों के लिए सामान्यत: कोई नियत नियोजन नहीं किया जाएगा।

मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश न्यूनतम रखा जाएगा ताकि प्लान की तरलता की आवश्यकताएं पूरी हो सकें।

(iii) **सहवर्तियों में लेन-देन :** सेबी तथा भारत सरकार से प्राधिकृत हो जाने के अधीन यूटीआई, उचित परिस्थितियों में निवेश नीति, जोखिम को रोकने या कम से कम करने के उद्देश्य के लिए, ऐसी तकनीकों और लिखतों जैसे फ्यूचर्स और ऑप्शन्स और सहवर्तियों का, जब भारतीय बाजार में उनके प्रयोग की अनुमति मिल जाएगी, लागू विनियमों और प्रति-पक्षी जोखिम मूल्यांकन के अधीन, प्रयोग करेगा। इसके अतिरिक्त, लागू विनियमों तथा प्रति-पक्षी जोखिम मूल्यांकन के अधीन योजना स्टाक उधार ले सकती है अथवा उधार दे सकती है ।

(iv) स्टाक उधार देना : योजना, समय-समय पर, सेबी की प्रतिभूतियां उधार देनेवाली योजना के अनुसार अस्थायी अवधि हेतु उन प्रतिभूतियों पर, जिन में निवेश किया गया है, उधार दे सकती है ।

(V) विदेशी निवेश : योजना, समुद्रपारीय/विदेशी कंपनियों द्वारा जारी की गई तथा विदेश में सूचीबद्ध की गई प्रतिभूतियों में अथवा भारतीय कंपनियों द्वारा विदेशी/समुद्रपारीय निवेशकों को जारी की गई तथा ऐसे निर्गमों में सीधे अभिदान करके अथवा सेबी द्वारा समय-समय पर जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार विदेशी स्टोक एक्सचेंजों में खरीद करके सीधे स्टाक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध की गई प्रतिभूतियों में निवेश कर सकती है ।

ट्रस्ट सुरक्षात्मक दृष्टि से लघु अवधि के आस्ति आबंटन में परिवर्तन करने का विकल्प अपने पास रखता है ।

ऊपर कथित निवेश उद्देश्य के अनुसरण में, योजना की निधियों का प्रतिभूतियों में नियोजन होने तक ट्रस्ट योजना की निधियों का निवेश मुद्रा बाजार लिखतों में कर सकता है ।

2. मूल विशेषताएं

"मूल विशेषताओं" का अर्थ निम्नलिखित है।

क)	योजना का प्रकार	:	संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1998 (II) एक नियतकालिक आय निधि है।
ख)	निवेश उद्देश्य	:	जैसा कि इस पेशकश दस्तावेज के खंड IX के अंतर्गत बताया गया है।
ग)	निर्गम की शर्तें	:	सूचीबद्धता, यूनिटों की पुनर्खरीद/प्रतिदान, व्यय एवं दी गई गारंटी के संबंध में प्रावधान इस पेशकश दस्तावेज में हैं।

योजना की मूल विशेषताओं में कोई भी परिवर्तन कम से कम तीन चौथाई यूनिटधारकों की सहमति से किया जाएगा। इसके अलावा मूल विशेषताओं में कोई परिवर्तन होने पर जो अपनी सहमति न दें उन्हें योजना से अपनी यूनिटधारिताओं का मोचन करने की अनुमति होगी।

बोर्ड समय-समय पर योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन या अन्यथा उसमें संशोधन कर सकता है तथा ऐसा कोई संशोधन/परिवर्धन सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा। किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा।

ऐसा कोई संशोधन जो मूल विशेषताओं में संशोधन नहीं है और जो यूनिटधारकों के हितों को प्रभावित नहीं करता हो, सेबी के पूर्व अनुमोदन से किया जाएगा।

3. निवेश नीतियां

(i) सभी ऋण लिखतें जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाता है, उनके निवेश दर्जे का निर्धारण समय-समय पर मान्यता प्राप्त किसी क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी द्वारा किया जाएगा जिसे समय-समय पर मान्यता दी जाएगी:

बशर्ते यदि ऋण लिखत का निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा।

(ii) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिये जाएंगे।

(iii) ट्रस्ट प्रतिभूतियों का क्रय विक्रय सुपुर्दगियों के आधार पर करेगा और खरीद के सभी मामलों में संबंधित प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी लेगा और बिक्री के सभी मामलों में प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी करेगा और किन्हीं भी मामलों में खुद को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगा जिससे इसे मंदड़िया बिक्री करनी पड़े या सौदे का वायदा (कैरी फारवर्ड) करना पड़े या बदला वित्त में लिप्त होना पड़े ।

(iv) ट्रस्ट प्रतिभूतियों की खरीद या अंतरण ट्रस्ट के नाम से करवाएगा।

(v) योजना सेबी की स्टॉक उधार देने की योजना के अनुसार प्रतिभूतियों को उधार दे सकती है।

(vi) योजना इनमें से किसी में निवेश नहीं करेगी ;

क) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी की कोई असूचीबद्ध प्रतिभूति ; या

ख) ट्रस्ट की समूह या सहायक कंपनी द्वारा निजी नियोजन के माध्यम से जारी की गई कोई प्रतिभूति; या

ग) ट्रस्ट की समूह कंपनी की सूचीबद्ध प्रतिभूतियां जो ट्रस्ट की सभी योजनाओं के शुद्ध आस्तियों के 25% से अधिक है।

(vii) प्लान की प्रतिभूतियों के लेन देन के लिए शेयर-दलाली फर्म और यूटीआई की सहायक संस्था यूटीआई सिक्योरिटीज़ एक्सचेंज लिमिटेड (यूटीआई-एसईएल) की सेवाएं ली जा सकती हैं जो नीतियों के अनुसार हों और ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा तय की गई सीमाओं के अधीन हों। यूटीआई एसईएल 1994 में स्थापित की गई थी। यह निवेशकों की आवश्यकताओं के अनुरूप उचित, पारदर्शी और कुशल सेवाएं प्रदान करने वाली उच्च तकनीकी कंपनी है। इसका पंजीकृत कार्यालय मुंबई में है।

(viii) जनता को पेश न किए गए ऋण लिखतों में निवेश, उपलब्ध आय पर निर्भर करते हुए योजना जनता को पेश न की गई प्रतिभूतियों में निवेश कर सकती है।

भारतीय ऋण बाजार का फैलाव पूरी तरह से विकसित नहीं माना जाएगा। यूटीआई बहुत सी ऋण उन्मुख/संतुलित योजनाओं का संचालन कर रहा है। यह योजनाएं, परिपक्वता के विभिन्न चरणों पर हैं। इनमें से कुछ सतत खुली व कुछ नियतकालिक हैं। एक योजना से दूसरे योजना के मध्य ऋणों पर लेन-देन के बहुत से अवसर है जो संसाधनों के उगाही व अभिनियोजन की उनकी आवश्यकताओं पर आधारित है। उधृत/सूचीबद्ध ऋण उपलब्ध बाजार दरों पर अंतरित किए जाते हैं जबकि अनोधृत ऋण जैसे कि भारतीय यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल निर्धारित करें, परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर प्रचलित मूल्य पर अंतरित किए जाते हैं। इस प्रकार जनता को पेश न किए गए निवेश का प्रभाव, निधि के कार्यक्षमता/तरलता पर विशेष नहीं पड़ता है।

(ix) योजना पर सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश की सीमा का कोई बंधन नहीं है। तरलता की आवश्यकता के आधार पर, योजना भारत सरकार/राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश कर सकती है।

(I) 31/12/97 के अनुसार तालिका I में उन योजनाओं की सूची है जिसमें कंपनियों ने योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य के 5% से अधिक निवेश किया है और तालिका II में उन योजनाओं द्वारा या यूटीआई की अन्य कोई योजना द्वारा उस कंपनी में या उसकी अनुषंगी कंपनी द्वारा सकल आधार पर निवेश किया ...

तालिका I

क्र. सं.	योजना का नाम	योजना-आस्तियों के 5% से अधिक धारिता वाली कंपनी का नाम
1.	पीईएफ '95	बैंक ऑफ बड़ौदा
2.	ग्रैंड मास्टर	बैंक ऑफ बड़ौदा
3.	आईआईएसएफयूएस '96	दी सूरत पीपल्स को.ऑप. बैंक लि. सूरत
4.	आईआईएसएफयूएस '97	एचडीएफसी
		हिंदुस्तान लीवर लि.
5.	यूटीआई-एमएमएफ	एसएचसीआईएल
		यूटीआई-बैंक लि.
		बीओआई म्यूचुअल फंड
		अरविंद मिल्स
		ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़
6.	यूटीआई-आईईएफ	आईडीबीआई
		आईसीआईसीआई
		आईसीआरए
7.	एमआईपी 97 (IV)	ओरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स
		एचपी स्टेट को.ऑप. बैंक लि.

(ii) 31/12/97 के अनुसार उस योजना द्वारा या यूटीआई की किसी अन्य योजना द्वारा उस कंपनी या उसके आनुषंगिक द्वारा सकल आधार पर किया गया निवेश।

(रु. करोड़ में)

कंपनी का नाम	इक्विटी (लागत)	ऋण (लागत)	मीयादी ऋण	जमा	कुल
अरविंद मिल्स	100.05	8.27	0.1	0.00%	108.42
बैंक ऑफ बड़ौदा	20.12	0	0	0.00%	20.12
बीओआई म्यूचुअल फंड	0	0	0	0.00%	0
ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज	32.09	0	0	0.00%	32.09
एचडीएफसी	299.72	0	0	14500.00%	444.72
एचडीएफसी बैंक लि.	0.83	0	0	0.00%	0.83
हिंदुस्तान लीवर लि.	648.47	5.85	0		654.32
एचपी स्टेट को.ऑप-बैंक लि.	0	0	0	0.00%	0
आईसीआईसीआई	307.5	1193.18	885	4500.00%	2430.6
आईसीआईसीआई बैंकिंग कार्पोरेशन लि.	7.05	0	0	0.00%	7.05
आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज एण्ड फाइनेंस कंपनी लि.	0	33	0		33
आईसीआरए	2.92	0	0	0.00%	2.92
आईडीबीआई	374.5	1097.56	0	0.00%	1472.06
एमआईडीबीआई (आईडीबीआई अनुषंगी)	0	17.86	0	0.00%	17.86
एसएचसीआईएल	4.96	0	6.25	0.00%	11.21
ओरिएण्टल बैंक ऑफ कामर्स	10.67	0	0	0.00%	10.67
दी सूरत पीपल्स को-ऑप. बैंक लि. सूरत	0	0	0	0.00%	0
यूटीआई-बैंक लि.	111.4	0	0	0.00%	111.4

तथापि, ऊपर खण्ड IX (3), XII (1) और XII (2) के संबंध में किसी भी बात के होते हुए, आस्तियों का मूल्यांकन, शुद्ध आस्ति मूल्य का अभिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उनके प्रकटीकरण का अंतराल सेबी द्वारा समय-समय पर जारी सेबी (एमएफ) विनियमों के प्रावधानों/दिशा निर्देशों/निवेशों के अनुसरण में होगा।

X. अंतर योजना अंतरण

इस योजना से ट्रस्ट की दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब -

क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पॉट आधार पर किए गए हों।

स्पष्टीकरण : "स्पॉट आधार" का अर्थ वही होगा जो स्टॉक एक्सचेंज द्वारा स्पॉट सौदों के लिए निर्दिष्ट है।

ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनमें ऐसे अंतरण किए जाते हैं।

ग) प्लान से/में असूचीबद्ध या अनोधृत निवेश का ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में से अंतरण ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

XI. संयुक्त सौदे एवं उधार

1. योजना ट्रस्ट या किसी पूरोर म्यूचुअल फंड की किसी अन्य योजना/प्लान में कोई शुल्क प्रभारित किए बिना निवेश कर सकती है, बशर्ते ट्रस्ट की सभी योजनाओं द्वारा किया गया कुल अन्तरयोजना निवेश या किसी दूसरी आस्ति प्रबंधन कंपनी द्वारा प्रबंधित योजनाओं में किया गया निवेश ट्रस्ट के शुद्ध आस्ति मूल्य के 5% से अधिक न हो।

2. योजना यूनिटों की पुनर्खरीद, प्रतिदान या ब्याज की अदायगी या सदस्यों को आय अदा करने के लिए नकदी की अस्थाई जरूरतों को पूरा करने के लिए उधार लेने के सिवा उधार नहीं लेगी। परन्तु उधार योजना की शुद्ध आस्ति के 20% से अधिक नहीं लिया जाएगा और इस तरह के उधार की अवधि छः माह से अधिक नहीं होगी।

3. भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 की धारा 20 के अनुसार ट्रस्ट को निम्नलिखित उधार लेने की शक्तियां प्राप्त हैं :

(i) ट्रस्ट, भारत या भारत से बाहर के किसी प्राधिकरण या व्यक्ति जो सरकार या रिज़र्व बैंक न हो, ऐसी प्रतिभूति के प्रति एवं ऐसी शर्तों एवं निबंधनों पर जिस पर वे आपस में सहमत हो, उधार ले सकता है।

(ii) ट्रस्ट रिज़र्व बैंक से निम्नलिखित स्थितियों में उधार ले सकता है :

(क) भारत में इस समय लागू किसी कानून द्वारा जिससे न्यासी ट्रस्ट का धन निवेश करने हेतु प्राधिकृत है, स्टॉक, निधियों एवं प्रतिभूतियों के प्रति (अचल संपत्तियों के अतिरिक्त) मांग पर या नियत अवधि की समाप्ति पर प्रतिदेय जो इस प्रकार ली गई राशि की तिथि से नब्बे दिन से अधिक न हो।

(ख) केंद्र सरकार के अनुमोदन से बांडों की प्रतिभूति के प्रति, जिसे ट्रस्ट जारी कर सकता है, मांग या जिस तिथि से ऐसी राशि उधार ली गई है, उस तिथि से अठारह महीनों की अवधि के भीतर प्रतिदेय हो।

(ग) प्रथम यूनिट योजना के अतिरिक्त किसी अन्य योजना के प्रयोजन हेतु जिसे इस संदर्भ में रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है ट्रस्ट को ऐसी अन्य संपत्तियों की प्रतिभूति के प्रति या ऐसी शर्तों एवं नियमों पर :

बशर्ते कि इस खंड के अंतर्गत उधार ली गई कोई राशि एवं किसी समय बकाया इससे ज्यादा न हो -

(क) ऐसी प्रत्येक योजना के संबंध में पांच करोड़ रुपए से ज्यादा न हो, एवं

(ख) समग्र रूप से ऐसी समस्त योजनाओं के संबंध में दस करोड़ रुपए।

(iii) ट्रस्ट द्वारा उप धारा (ii) के अंतर्गत जारी बांड के मूल राशि की चुकौती की गारंटी केंद्रीय सरकार द्वारा दी जाएगी एवं ब्याज का भुगतान बांड जारी करते समय केंद्रीय सरकार द्वारा निश्चित दर पर किया जाएगा।

XII. एनएवी निर्धारण एवं आस्तियों का मूल्यांकन

1. शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का परिकलन और प्रकटीकरण :

योजना के अंतर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के उपचयों और उपबंधों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग दे कर किया जाएगा। योजना का एनएवी, वार्षिक आय विकल्प और संचयी विकल्प के लिए अलग-अलग निर्धारित किया जाएगा। प्लान के आरंभ होने के छः माह के बाद और उसके बाद साप्ताहिक आधार पर शुद्ध आस्ति मूल्य (पूर्ववर्ती आधार पर) समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा।

2. इस योजना की आस्तियों का मूल्यांकन :

(i) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों सहित उधृत निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख को बाजार में बंद मूल्य पर या मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल ही की उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से साठ दिन पूर्व की अवधि हेतु, कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोधृत निवेश माना जाता है।

(ii) उधृत निवेशों और बांडों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्त्व यदि कोई हो, के लिए समायोजित किया जाता है।

(iii) अनोधृत/निष्क्रय इक्विटी शेयरों का मूल्यांकन प्राप्तियों के पूंजीकरण और बही मूल्य (विश्लेषित मूल्य) के औसत में से 10% घटाकर किया जाता है।

(iv) अनोधृत डिबेंचर, बॉण्ड एवं अंतरणीय नोट परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर जैसा कि ट्रस्ट क न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित हो, मूल्यांकित किए जाते हैं।

(v) अनोधृत वारंट, मूलाधार शेंयरों की बाजार दर पर, आय तत्त्व, यदि कोई हो, के लिए बट्टा काटकर तथा देय लागू मूल्य से कम करके, लिए जाते हैं। जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्य से लागू देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है।

(vi) परिवर्तनीय डिबेंचर एवं बॉण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हो, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन, संबंधित इक्विटी शेयरों, जिनमें आय तत्त्व, यदि कोई हो, के लिए बट्टा काट कर किया जाता है। ऐसे डिबेंचरों एवं बॉण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि कोई हो, का मूल्यांकन, परिपक्वता पर प्रतिफल के आधार पर, जैसा कि ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित हो, किया जाता है। जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है।

(vii) मांग मुद्रा में निवेश, बट्टा योजना के अंतर्गत खरीदे गए बिलों एवं बैंक की अल्प अवधि जमाओं का मूल्यांकन लागत और प्रोद्भवन पर किया जाएगा। अन्य मुद्रा बाजार लिखतों का मूल्यांकन उस मूल्य पर किया जाएगा जिस पर इनका इन दिनों कारोबार किया जाता है। इसी उद्देश्य से गैर व्यापारिक लिखतों अर्थात् वैसी लिखतें, जिनका सात दिनों तक व्यापार नहीं किया जाता है, का मूल्यांकन लागत और दिन के आरंभ तक उपचित ब्याज तथा प्रतिदान मूल्य एवं लिखतों की शेष परिपक्वता अवधि पर एक समान विभाजित लागत के बीच के अंतर के आधार पर किया जाता है।

(viii) सरकारी प्रतिभूतियों के अंतर-योजना अंतरण/मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित नीति स्वीकृत की जाती है :

(क) एनएसई पर उधृत सरकारी प्रतिभूतियां मूल्यांकन तिथि के बंद-मूल्य पर मूल्यांकित की जाती हैं। यदि प्रतिभूति उस दिन उधृत नहीं की जाती है तो मूल्यांकन तिथि से 7 दिन पहले तक के उद्धरणों पर विचार किया जाता है। यदि प्रतिभूति 7 दिनों की अवधि तक उधृत नहीं की जाती है, तो उसे अनोधृत मान लिया जाता है।

(ख) अनोधृत सरकारी प्रतिभूतियां प्रतिफल वक्र के आधार पर निर्धारित परिपक्वता पर प्रतिफल (वायटीएम) के आधार पर की जाती है।

(ix) उपरोक्त (1) से (8) तक के अनुसार परिकलित निवेशों के कुल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की कुल लागत से की जाती है और परिणामी मूल्यह्रास, यदि कोई हो, को राजस्व लेखे से प्रभारित किया जाता है।

XIII. लेखा नीतियां

आय की मान्यता

(i) सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों पर लाभांश आय भूतपूर्व लाभांश तिथि पर प्रोद्भूत की जाती है। असूचीबद्ध इक्विटी शेयरों एवं अधिमान शेयरों पर लाभांश आय का हिसाब प्राप्ति आधार पर किया जाता है।

(ii) निवेशों पर ब्याज का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है।

(iii) निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि की पहचान भारित औसत लागत के आधार पर व्यापार तिथियों पर की जाती है।

(iv) प्रतिबद्धता प्रभार का हिसाब प्रोद्भवन आधार पर किया जाता है।

(v) जब कोई विकास नहीं हो तो हामीदारी कमीशन को नकदी आधार पर राजस्व माना जाता है। विकास के मामले में, पूर्ण हामीदारी कमीशन ऐसे निवेशों की लागत में से कम किया जाता है।

(vi) शेयरों एवं डिबेंचरों में किए गए निवेशों से प्राप्त ऋण संबंधी प्रारंभिक शुल्क ऐसे निवेशों की लागत में से कम कर दिया जाता है। वितरण के प्रथम वर्ष में ऋण से प्राप्त ऋण संबंधी प्रारंभिक शुल्क की पहचान आय के रूप में की जाती है।

(vii) डिबेंचरों/बॉण्डों के प्रतिदान पर प्रीमियम/मुनाफा एवं अन्य विविध आय का हिसाब प्राप्ति आधार पर किया जाता है।

(viii) पिछली दो या अधिक तिमाहियों से बकाया ब्याज आय के संदर्भ में प्रावधान किया जाता है। एक से अधिक लेखा वर्षों से बकाया लाभांश पूर्ण रूप से प्रदान किया जाता है।

2. **व्यय**

(i) व्यय की गणना प्रोद्भवन आधार पर की जाती है।

(ii) भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 25(4) के प्रावधानों द्वारा दी गई शक्तियों के अनुसार न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित आधार पर यूनिट योजना 1964 के अंतर्गत किए गए खास सामान्य खर्चों का विनिधान अन्य योजनाओं पर किया जाता है।

(iii) नियत आस्तियों वाली यूनिट योजना, 1964 कथित आस्तियों के उपयोग के लिए न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित पट्टा किराया अन्य योजनाओं से वसूल करती है।

3. **आस्थगित राजस्व व्यय**

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 25(3) के प्रावधानों के अंतर्गत दी गई शक्तियों के अनुसार, न्यासी मंडल द्वारा कुछ खास व्ययों को आस्थगित किया गया है, जो निम्नानुसार हैं -

नियत कालिक योजनाएं :

(i) नियत कालिक योजनाओं द्वारा की गई आरंभिक/अधिकार निर्गम व्यय एवं एजेंटों को कमीशन संबद्ध योजनाओं की समयावधि पर समान रूप से बट्टे खाते में डाल दी जाती है।

(ii) जब यूनिटों की पुनर्खरीद की जाती है/पुन: क्रय किया जाता है, उस वर्ष प्रभारित एवं अन्य असमाप्त अवधि के लिए आस्थगित राजस्व व्यय को उचित रूप से समायोजित किया जाता है।

4. **निवेश**

(i) निवेशों का विवरण लागत पर या अपरिशोधित लागत पर दिया जाता है।

(ii) द्वितीयक बाजार कारोबार के मामले में निवेश को व्यापार तिथियों पर किया गया माना जाता है।

(iii) आबंटन पर प्राथमिक बाजार निर्गमों में अभिदान को निवेश माना जाता है।

(iv) बोनस/अधिकार पात्रताओं को पूर्ववर्ती-बोनस/पूर्ववर्ती अधिकार तिथियों पर माना जाता है।

(v) निवेश की लागत में दलाली एवं सेवा - कर शामिल हैं लेकिन स्टाम्प कर शामिल नहीं है, जिसे राजस्व में प्रभारित किया जाता है।

5. **निवेश के मूल्य में मूल्यह्रास**

(i) जहां, न्यासी मंडल की राय में, अनोधृत इक्विटी या अधिमान शेयरों के मूल्य में महत्त्वपूर्ण कमी होती हो, वहां ऐसे शेयरों की लागत, मामले के अनुरूप, यूनिट प्रीमियम/सामान्य प्रारक्षित निधि/राजस्व लेखा के बट्टे खाते में डाल दी जाती है।

ऐसे मामले, जहां न्यासी मंडल की राय में, पिछले वर्षों में बट्टे खाते में डाले गए निवेश की गुणवत्ता मे महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ हो, इसे फिर से मूल बही मूल्य में प्रतिलेखित कर दिया जाता है।

(ii) अन्य सभी निवेशों, जैसे डिबेंचरों एवं बॉण्डों, रक्षित/अ-रक्षित अंतरण योग्य नोटों, सावधिक ऋणों एवं जमाओं जिन्हें अनुपयोज्य आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, के मामले में यदि पिछले 180 दिन या उससे अधिक से ब्याज की अदायगी नहीं की गई हो, तो राजस्व लेखा से प्रावधान किए जाएंगे। ये प्रावधान प्रत्येक अनुपयोज्य आस्ति के लिए अलग-अलग बनाया जाता है न कि उसी कंपनी की अन्य उपयोगी आस्तियों के लिए।

(iii) अनुपयोज्य आस्तियों का प्रावधान आस्तियों के अनुपयोज्य रहने की अवधि के आधार पर निम्नलिखित रूप में किया जाता है :

आस्ति के अनुपयोज्य रहने की अवधि	प्रावधान का प्रतिशत	
	रक्षित आस्ति	अ-रक्षित आस्ति
दो वर्षों तक	10%	10%
दो वर्षों से अधिक परंतु तीन वर्षों तक	20%	100%
तीन वर्षों से अधिक परंतु पांच वर्षों तक	30%	100%
पांच वर्षों से अधिक	50%	100%

(iv) जहां मूलधन का पुनर्भुगतान निम्नलिखित के बारे में देय बाकी हो :

(1) ऐसे ऋण पोर्टफोलियो के बारे में जहां निवेश अथवा लिखत की अवधि 3 वर्ष से कम है, तो व्यतिक्रम में किसी भी किस्त के प्रति प्रावधान किया जा सकता है, यदि ऐसी किस्त, पूर्व दायित्व अवधि के पार, 180 दिनों के लिए बकाया है ।

(2) ऐसे ऋण पोर्टफोलियो के बारे में जहां निवेश अथवा लिखत की अवधि 3 वर्षों से अधिक है, तो व्यतिक्रम में किसी भी किस्त के प्रति प्रावधान किया जा सकता है, यदि ऐसी किस्त, पूर्व दायित्व अवधि के पार, 365 दिनों के लिए बकाया है ।

प्रावधान रक्षित निवेश के बारे में 50% की समग्र सीमा के अधीन होगा तथा अ-रक्षित निवेश के बारे में 100% तक होगा । इसके अतिरिक्त, ऐसे मामलों में यदि कोई उत्तरवर्ती किस्त हो, जहां मूल व्यतिक्रम जारी रहता है, तो संबंधित नियत तिथियों से 30 दिन की अवधि दी जाएगी ।

(v) बकाया ब्याज के पूंजीकरण के जरिए, ब्याज के निधीयन के मामले में, निधिक ब्याज बाकीदारी की अवधि से असंबद्ध रूप से पूरी तरह अदा कर दी जाती है।

(vi) उपरोक्त (iii), (iv) एवं (v) के संदर्भ में अनुपयोज्य आस्तियों का प्रावधान, मामले के अनुसार, यूनिट प्रीमियम/सामान्य प्रारक्षित निधि/राजस्व लेखा में प्रभारित करके किया जाता है।

6. नियत आस्तियां :

(i) नियत आस्तियों का विवरण पूर्ववर्ती लागत में से संचित मूल्य ह्रास घटाकर दिया जाता है।

(ii) लेखा वर्ष में छः माह से कम अवधि से धारित आस्तियों, जहां मूल्य ह्रास निम्नलिखित दरों के आधे पर किया जाता है, के अतिरिक्त मूल्यह्रास मूल्य ह्रासित विधि से निम्नलिखित दरों पर प्रदान किया जाता है -

(क)	भवन एवं परिसर	5%
(ख)	फर्नीचर एवं फिक्सचर	10%
(ग)	कार्यालय उपकरण, भवन विकास, कम्प्यूटर एवं मोटर सवारी	33.33%

(घ) पट्टाधृति भूमि पट्टे की अवधि पर समान रूप से परिशोधित किया जाता है।

(ङ) 8 वर्षों से अनधिक अवधि के लिए पट्टे पर लिए गए परिसर में भवन - विकास को असमाप्त अवधि पर समान रूप से परिशोधित किया जाता है और अन्य मामलों में 33.33% की दर से मूल्य ह्रास किया जाता है।

नियत आस्तियां, जिन्हें इंस्टाल किया जाता है और जिनका उपयोग किया जाता है, का विवरण देयताओं के अंतिम निपटारे के लंबित रहने पर, अनुमानित आधार पर दिया जाता है। अंतिम निपटारे पर, आस्ति के प्रयोग की तिथि से ह्रास समायोजित किया जाता है।

7. यूनिटों का पुनः क्रय :

शेयर बाजार में सूचीबद्ध एवं खुले बाजार के क्रियाकलाप के जरिए प्रतिदान के लिए पुनः क्रय की गई योजनाओं की यूनिटें व्यापार-तिथियों पर हिसाब में ली जाती हैं। अभिग्रहण लागत एवं अंकित मूल्य के बीच के अंतर को राजस्व विनियोजन लेखा से प्रभारित किया जाता है। रजिस्ट्रारों से सूचना की प्राप्ति पर शोधित यूनिटों का अंकित मूल्य यूनिट पूंजी में से घटा दिया जाता है।

8. आय वितरण :

न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित विधि से आय वितरण का प्रावधान किया जाता है।

वे योजनाएं, जिनके अंतर्गत यूनिटें प्रीमियम पर या अंकित मूल्य पर बट्टा देकर बेची जाती हैं, को छोड़कर सभी योजनाओं के अंतर्गत पूंजीकरण के लंबित रहने पर आवेदन राशि पर आय वितरण के लिए प्रावधान किया जाता है। इन योजनाओं पर आय वितरण पूंजीकरण के वर्ष में राजस्व विनियोजन लेखे में प्रभारित किया जाता है।

9. वित्तीय परिणाम का प्रकाशन :

31 दिसंबर के अनुसार अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम 2 माह के भीतर एवं 30 जून के अनुसार लेखा-परीक्षित वार्षिक परिणाम लेखा को अंतिम रूप देने के 6 माह के भीतर एक अंग्रेजी दैनिक एवं एक मराठी दैनिक में प्रकाशित किया जाएगा।

XIV. निवेशों का कर - निरूपण

कर मार्गदर्शक :

कर छूट

प्रचलित आयकर अधिनियम के अंतर्गत उन मामलों में जहां पर निवेश करनेवाली संस्थाएं निम्नलिखित हैं :

(i) धर्मार्थ और धर्मादा न्यास :

धर्मार्थ और धर्मादा न्यास की आय किसी भी वर्ष में आयकर से पूरी तरह मुक्त होगी यदि जिस वर्ष आय अर्जित की गई हो उसी वर्ष उसका 75% ट्रस्ट के किसी भी उद्देश्य के लिए खर्च किया गया हो (आय कर अधिनियम की धारा 11)। इस प्रकार धर्मार्थ और धर्मादा न्यास वर्ष की आय का 25% को भविष्य के वर्षों मे धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों पर खर्च करने के लिए अलग रख सकते है और आय कर से बच सकते हैं। यदि इस प्रकार अलग रखी गई आय उस वर्ष की आय के 25% से अधिक हो तो उस पर आय कर लगेगा। ऐसी अधिक आय, आय कर से मुक्त होगी, यदि उसका आयकर अधिनियम की धारा 11 (2) (ख) में उल्लिखित "स्वीकृत प्रतिभूतियों" में निवेश किया गया हो। यूटीआई के यूनिट स्वीकृत प्रतिभूतियों में से एक है। कोई धर्मार्थ और धर्मादा न्यास जो कि अपनी अतिरिक्त निधियों का यूनिटों में निवेश करता है, आयकर से छूट के योग्य होगा।

आयकर अधिनियम की धारा 13 के अनुसार, आयकर अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत कर में छूट के लिए योग्य एक शर्त यह है कि ट्रस्ट के धन और अन्य निधि का स्वीकृत प्रतिभूतियों में निवेश करना चाहिए। यूटीआई की यूनिटें स्वीकृत प्रतिभूतियों में से एक है।

(ii) धारा 23एए में दर्शायी गयी कोई भी संगठित निधि/अन्य संस्थाए : ये प्रचलित कर विधि के अनुसरण में होगी।

स्रोत पर कोई कर कटौती नहीं होगी

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 11 अथवा 12 अथवा 10(22) अथवा 10(22ए) अथवा 10(23) अथवा 10 (23एए) या 10(23सी) के अंतर्गत आनेवाली संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्र में उपलब्ध कराए गए प्रारूप में घोषणा किए जाने के आधार पर उनसे स्रोत पर कर की कटौती नहीं की जाएगी।

उपर्युक्त को छोड़कर अन्य संस्थाओं के मामले में आय में से स्रोत पर कर कटौती प्रचलित कर विधि के अनुसार होगी।

धन कर वित्तीय आस्तियां जैसे शेयर और भारतीय यूनिट ट्रस्ट और अन्य म्यूचुअल फंडों के यूनिट धन कर देयता से मुक्त हैं।

टिप्पणी : सांविधिक निगमों जैसे आईडीबीआई और ऐसी ही अन्य संस्थाओं के संबंध में आयकर अधिनियम और धन कर अधिनियम के अंतर्गत कर लाभ/छूट, अन्य बातों के साथ साथ उन्हें संचालित करने वाले विशेष अधिनियमों, यदि कोई हो, के प्रावधानों के अनुसरण में, संचालित होगी।

इस योजना के अंतर्गत निवेश में से होनेवाले कोई भी दीर्घावधि पूंजीगत अभिलाभ, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 48 और 112 में दिए गए निर्देशों के अधीन होगा।

धारा 54 ईए के अंतर्गत पूंजी अभिलाभ कर छूट

दीर्घावधि पूंजीगत आस्तियों के अंतरण से प्राप्त होने वाली संपूर्ण या आंशिक शुद्ध राशि का आईआईएसएफयूएस '98 (II) में किया गया निवेश, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 54ईए के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ कर से छूट के लिए पात्र होगा बशर्ते पुनर्खरीद/अंतरण/गिरवी, आवेदन की स्वीकृति पर तीन वर्षों बाद ही की/किया/रखा जाए।

आयकर/धनकर/पूंजीगत अभिलाभ कर, से संबंधित प्रकटीकरण प्रचलित आयकर अधिनियम के अनुरूप होगा

XV. निवेशकों के अधिकार एवं सेवाएं

1. प्लान के अधीन यूनिटधारकों को प्लान की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा प्लान द्वारा घोषित आय में समानुपातिक अधिकार प्राप्त है।

2. यूनिटधारकों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता हो तथा यूनिटधारकों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे।

3. यूनिटधारकों को यूनिटों की बिक्री बंद होने की तिथि से 6 सप्ताहों के भीतर यूनिट प्रमाणपत्र जारी किए जाने का अधिकार है।

4. यूनिटधारकों को अधिकार है कि जिस कार्यालय में पुनर्खरीद आग्रह संसाधित किए जाते हैं वहां आवेदन प्राप्त होने की तिथि से 10 कार्य दिवसों के भीतर (बशर्ते कि आवेदन सही हो) पुनर्खरीद/प्रतिदान प्राप्तियां भेजी जाए।

5. संबद्ध लेखा वर्ष की समाप्ति के छः माह के भीतर संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1998 (II) के संदर्भ में संक्षिप्त वार्षिक रिपोर्ट की एक प्रति सभी यूनिटधारकों को भेजी जाएगी एवं वार्षिक रिपोर्ट निरीक्षण के लिए केंद्रीय निवेशक कक्ष में उपलब्ध कराई जाएगी एवं इसकी प्रति यूनिटधारकों को सांकेतिक शुल्क, यदि कोई हो, के भुगतान पर उपलब्ध कराई जाएगी।

6. निर्दिष्ट परिस्थितियों के अंतर्गत सदस्यों का अनुमोदन डाक मतदान के जरिए मांगा जाएगा।

7. यूनिटधारकों को केंद्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट द्वार नं. 1, सर विटठलदास ठाकरसी मार्ग, मुंबई-400 020 में रखे निम्नलिखित दस्तावेजों के निरीक्षण का अधिकार है :

- यूटीआई अधिनियम
- सामान्य विनियम
- अभिरक्षक, रजिस्ट्रार और संग्रहणकर्ता बैंकों के साथ किए गए करार
- पेशकश दस्तावेज संस्थागत निवेशक विशेष निधि यूनिट योजना 1998 (II) की प्रति

XVI. भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना एवं प्रबंधन

यूटीआई की स्थापना

यूटीआई अधिनियम, 1963 के अंतर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबंधन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होनेवाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी। इसने 1जुलाई, 1964 से कार्य करना आरंभ किया।

यूटीआई का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है, जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है।

मंडल के अलावा, एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी होते हैं। यह समिति मंडल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किसी भी मामले पर कार्य करने के लिए अधिकृत है।

न्यासी मंडल *

1.	**श्री पी.एस. सुब्रमनीयम**	*अध्यक्ष,* भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2.	**डॉ पी.जे. नायक**	*कार्यपालक न्यासी,* भारतीय यूनिट ट्रस्ट
3.	**श्री एस गुरुमूर्ति**	*कार्यपालक निदेशक,* आरबीआई
4.	श्री एन.एस. सेखसरिया	*प्रबंध निदेशक,* गुजरात अंबुजा सिमेन्ट्स लि.
5.	श्री पी.आर. खन्ना	*सनदी लेखाकार*
6.	श्री जी. कृष्णमूर्ति	*अध्यक्ष,* भारतीय जीवन बीमा निगम
7.	श्री एम. एस. वर्मा	*अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,* भारतीय स्टेट बैंक
8.	श्री एन. वाघुल	*अध्यक्ष,* आईसीआईसीआई लि.
9.	श्री रशीद जिलानी	*अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,* पंजाब नेशनल बैंक

* **वर्तमान में न्यासियों की अन्य निदेशिकाएं इस प्रकार हैं :**

1. **डॉ पी.जे. नायक** - (i) शासी परिषद के सदस्य - यूटीआई-इन्स्टीट्यूट ऑफ कैपिटल मार्केट, (ii) निदेशक - भारतीय यूनिट ट्रस्ट आईएसएल, यूटीआई आईएएस लि., भारतीय म्यूचुअल फंड संघ एवं नेशनल सिक्यूरिटीज़ डिपॉजिटरी लि.

2. **श्री एन.एस. सेखसरिया** - निदेशक - श्री अरबुदा मिल्स लि., गुजरात वेंचर फाइनेंस लि., राधा माधव इन्वेस्टमेंट लि. एवं गृह फाइनेंस लि.।

3. **श्री पी.आर. खन्ना** - निदेशक - एसबीआई कैपिटल मार्केट लि., मोदी रब्बर लि., टेलिमैकनिक एवं कंट्रोल (इंडिया) लि., डीसीएम श्रीराम इंडस्ट्रीज लि., गॉडफ्रे फिलिप इंडिया लि., इंडैग रब्बर लि., टोयो मिरर्स प्राइ. लि., मार्केटिंग रिसर्च ग्रुप प्राइ. लि. एवं सीता हॉलिडे रिसोर्ट लि.।

4. **श्री जी. कृष्णामूर्ति** - (i) अध्यक्ष - एलआईसी (अंतर्राष्ट्रीय) ईसी, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि. एवं जीवन बीमा सहयोग आस्ति प्रबंधन कंपनी (ii) अध्यक्ष - भारतीय साधारण बीमा निगम, केनिन्डिया एन्श्यूरेंस कं. लि., भारतीय मितीकाटा और वित्त गृह, भारतीय रेल वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम एवं राष्ट्रीय आवास बैंक।

